उज्जैन
रविवार
01
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-118
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



क्षणिक चमक नहीं लंबे सफर पर नजर रखती हैं रकुल प्रीत सिंह



## सनथ जयसूर्या श्रीलंका का हेड कोच पद छोड़ेंगे



**नईदिल्ली।** श्रीलंका क्रिकेट के दिग्गज और हेड कोच सनथ जयसूर्या ने अपने पद से हटने का फैसला कर लिया है। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन और सुपर-8 में बगैर जीत से बाहर होने के बाद जयसूर्या ने बड़ा कदम उठाया। पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को आखिरी वर्ल्ड कप मैच में मिली 5 रन की करीबी हार के बाद जयसूर्या प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पहुंचे। जहां उन्होंने साफ कर दिया कि वे अब इस जिम्मेदारी को आगे नहीं बढ़ाना चाहते। जून में खत्म होना था कॉन्ट्रैक्ट जयसूर्या ने बताया कि इस बारे में श्रीलंका क्रिकेट को भी जानकारी नहीं दी।

## दावा-अजित का प्लेन क्रैश लैंडिंग से पहले पेड़ों से टकराया

**नई दिल्ली।** एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने बारामती प्लेन क्रैश पर 22 पेज की प्राइमरी रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 28 जनवरी को मुंबई से बारामती जा रहे लियरजेट 45 फएयरक्राफ्ट ने कम विजिबिलिटी के बावजूद रनवे पर लैंडिंग की। रिपोर्ट के मुताबिक एयरक्राफ्ट पहले दायीं ओर मुड़ा, पेड़ों से टकराया और फिर जमीन पर गिर गया। इसके बाद उसमें आग लग गई। इस हादसे में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार और 4 और लोगों की मौत हो गई थी। एएआईबी ने क्रैश साइट के पास के गांव में लगे सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए कहा कि हादसे से पहले प्लेन दायीं ओर मुड़ा, पेड़ों और फिर जमीन से टकराया।

## क्यूबा आर्थिक तंगी से जुझ रहा, जल्द फ्रेंडली टेकओवर कर सकते है



**वाशिंटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि क्यूबा सरकार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही है और अमेरिका से बातचीत कर रही है। उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिका क्यूबा का फ्रेंडली टेकओवर कर सकता है, जिससे क्यूबन-अमेरिकियों को लाभ हो सकता है। व्हाइट हाउस से टेक्सास रवाना होते समय ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा, क्यूबा सरकार हमसे बात कर रही है। वे बड़ी मुसीबत में हैं। उनके पास पैसा नहीं है, उनके पास कुछ भी नहीं है। लेकिन वे हमसे बातचीत कर रहे हैं और हो सकता है कि हमारा क्यूबा पर फ्रेंडली टेकओवर हो जाए।

## इटली में ट्राम पटरी से उतरी, दुकान की खिड़की से टकराई


**मिलान।** इटली के मिलान शहर में एक ट्राम (रेल) पटरी से उतर गई और पास की दुकान की खिड़की से टकरा गई। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 40 लोग घायल हुए हैं। स्थानीय दमकल विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि रेल पटरी से उतरने के बाद सीधे एक दुकान में जा घुसी। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय इमरजेंसी सेवाओं के मुताबिक मौके पर 13 एंबुलेंस भेजी गईं। नागरिक सुरक्षा टीमों ने घायलों की मदद के लिए वहां एक अस्थायी टेंट भी लगाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया था। मिलान परिवहन कंपनी एटीएम ने बयान जारी कर कहा कि हादसे में शामिल ट्राम शहर में चलने वाले नए मॉडलों में से एक थी।

### अमेरिका-इजराइल हमले में

# ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत

### बेटी-दामाद, बहू-पोती भी मारी गई, ईरान की सेना बोली- थोड़ी देर में सबसे खतरनाक हमला करेंगे





**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ तेल अवीव/तेहरान

अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है। ईरान की मीडिया तसनीम और फार्स समाचार एजेंसियों ने इसकी पुष्टि की है। हमले में खामेनेई की बेटी, दामाद, पोती और बहू भी मारे गए हैं। ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिनों की सार्वजनिक छुट्टियों की घोषणा की गई है।

खामेनेई की मौत के बाद ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने दुख जताया है। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स के मुताबिक, आईआरजीसी ने कहा कि हमने एक महान नेता खो दिया है और पूरा देश उनका शोक मना रहा है।

ईरानी सेना ने खतरनाक अभियान की शुरूआत की घोषणा की है। सेना ने कहा कि यह हमला कुछ ही देर में शुरू होगा और क्षेत्र में कब्जे वाले क्षेत्रों और अमेरिकी आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाएगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने खामेनेई की मौत का दावा किया था। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि इतिहास के सबसे क्रूर व्यक्तियों में से एक खामेनेई मारा गया। यह ईरान की जनता के साथ-साथ अमेरिका और दुनियाभर के देशों के लिए न्याय है। दरअसल, इजराइल और अमेरिका ने शनिवार को ईरान में राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर हमला किया। ईरान ने भी इजराइल पर पलटवार करते हुए जवाबी हमले किए।

- अयातुल्ला अली खामेनेई का जन्म 19 अप्रैल 1939 को ईरान के धार्मिक शहर मशहद में एक मौलवी परिवार में हुआ था। वे खोमैनी शाह की नीतियों के खिलाफ थे और इस्लामी शासन की वकालत करते थे।
- 1963 में शाह के खिलाफ भाषण देने पर उन्हें गिरफ्तार भी किया गया। धीरे-धीरे वे सरकार विरोधी आंदोलन का बड़ा चेहरा बन गए और खोमैनी के भरोसेमंद सहयोगी माने जाने लगे।
- 1979 में ईरान में इस्लामी क्रांति हुई और शाह की सरकार गिर गई। खोमैनी देश लौटे और नई इस्लामी सरकार बनाई। खामेनेई को क्रांतिकारी परिषद में जगह मिली और बाद में उप रक्षामंत्री बनाया गया।

### इजराइल-ईरान जंग

## भारत की 400 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल

### एयरपोर्ट पर यात्रियों ने रात गुजारी, श्रीनगर-यूपी में खामेनेई की मौत का विरोध

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल का ईरान पर रविवार को लगातार दूसरे दिन हमला जारी है। आज सुबह ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत की पुष्टि भी हुई। जंग के बीच मिडिल ईस्ट में हालात तेजी से बिगड़ गए हैं। एयरस्पेस बंद होने का असर दुबई से लेकर भारत तक दिखाई दे रहा है। दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ईरानी ड्रोन टकराया है। घटना में 4 लोग घायल हुए हैं। भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु दुबई में फंसी हुई हैं। उनके पिता पीवी रमना ने बताया कि भारतीय दूतावास सिंधु की देखभाल कर रहा है और उनके लिए होटल में ठहरने की व्यवस्था की गई है।

सिंधु के अलावा एक्ट्रेस सोनल चौहान भी दुंबई में फंसी हुई हैं। उन्होंने पोस्ट में पीएम मोदी से मदद मांगी है। इधर, दिल्ली में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 20 घंटे से यात्री अपनी फ्लाइट का इंतजार कर रहे हैं। दिल्ली और मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्रियों ने रात गुजारी। इधर, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में खामेनेई की मौत पर विरोध प्रदर्शन हो रहा है।

28 फरवरी को दुबई की मशहूर इमारत बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला हुआ। एहतियातन बुर्ज खलीफा को खाली करा दिया गया और उसकी लाइट्स बंद कर दी गईं। हमले के बाद दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट और अल मकतूम एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन अगले आदेश तक रोक दिया गया।

## सहारा: एमपी के 9 लाख निवेशकों के 6689 करोड़ फंसे, सिर्फ 5% पैसा लौटा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में सहारा इंडिया के 9 लाख से ज्यादा छोटे-मध्यम निवेशकों की 6,689 करोड़ की पूंजी फंसी हुई है। विधानसभा में पूर्व मंत्री और राघौगढ़ से कांग्रेस विधायक जयवर्द्धन सिंह ने के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि प्रदेश के जमाकर्ताओं को अब तक केवल 355 करोड़ ही वापस मिले हैं, जो कुल राशि का महज 5% है। अफसरों ने छिपाई 123 एफआईआर की जानकारी 123 एफआईआर में से सिर्फ 4 की जानकारी दी सिंह ने सदन में आरोप लगाया कि प्रशासन और पुलिस विभाग सहारा के खिलाफ दर्ज 123 एफआईआर की जानकारी छिपा रहे हैं। सदन में सरकार की ओर से केवल 4 एफआईआर का ही जिक्र किया गया, जो संसदीय मर्यादा के खिलाफ है। देश में 39 लाख लोगों को मिले 8,429 करोड़ केंद्र सरकार के 'सहारा रिफंड पोर्टल' के जरिए देशभर के निवेशकों को पैसा लौटाने की प्रक्रिया जारी है। ताजा स्थिति के अनुसार देशभर से करोड़ों निवेशकों ने आवेदन किए हैं, जिनमें से अकेले एमपी से 9,06,661 आवेदन मिले हैं।

## पीएम आज 8 रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे

### पुडुचेरी में 2700 करोड़, मदुरै में 4400 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ चेन्नई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तमिलनाडु और पुडुचेरी जाएंगे। वह तमिलनाडु में आठ नए बने रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। इसी के साथ चेन्नई बीच चेन्नई एग्मोर चौथी लाइन देश को समर्पित करेंगे। इस मौके पर पीएम वहां इकट्ठा हुए लोगों को संबोधित भी करेंगे।

पीएम पुडुचेरी में 2,700 करोड़ रुपये से ज्यादा के अलग-अलग डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पित और आधारशिला रखेंगे। इसके बाद वह मदुरै में 4,400 करोड़ रुपये से ज्यादा के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का भी उद्घाटन करेंगे।

एचएन-332ए के मरक्कनम-पुडुचेरी सेक्शन और एनएच-87 के परमकुडी-रामनाथपुरम सेक्शन की फोर-लेनिंग का दोपहर करीब 3 बजे आधारशिला रखेंगे। पीएम कुंभकोणम, येरकॉड और वेल्लोर में तीन नए आकाशवाणी एफएम रिले ट्रांसमीटर का उद्घाटन भी करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कार्यक्रमों के बाद शाम करीब 4 बजे, मोदी तिरुप्परनकुंद्रम में अरुलमिगु सुब्रमण्यस्वामी मंदिर जाएंगे और पूजा करेंगे। ये मंदिर मदुरै से करीब 8 किमी दूर है। पिछले साल दिसंबर तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर में पहाड़ी पर दरगाह के पास दीपस्तंभ (दीपथून) पर दीप जलाने को लेकर विवाद में आया था मंदिर।

### बंगाल एसआईटार में फाइलन लिस्ट में 7.04 करोड़ से ज्यादा वोटर

# 63 लाख लोगों के नाम हटे

### अब तक 11 राज्यों-यूटी की अंतिम मतदाता सूची जारी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ कोलकाता



पश्चिम बंगाल में जारी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश हो गई। इसमें वोटर 7.66 करोड़ से घटकर 7,04,59,284 रह गए हैं। यानी एसआईआर से अब तक 63.66 लाख नाम हटे हैं, जो कुल मतदाताओं का 8.3% है। दिसंबर में जारी मसौदा सूची में 58 लाख से अधिक नाम हटे थे।

सीईओ ने कहा- 60 लाख से ज्यादा वोटरों के नाम की जांच अभी भी जारी है। हालांकि उन्हें नई वोटर लिस्ट में जोड़ा गया है। बाद में इन नामों पर फैसले के बाद लिस्ट में बदलाव हो सकता है। 2021 चुनाव में 294 में 166 सीटों पर जीत का अंतर 25 हजार से कम था। इनमें टीएमसी ने 102, भाजपा ने 64 सीटें जीती थीं। 5,000 से कम अंतर वाली 36 सीटों में भाजपा 22, टीएमसी 13 जीती। ऐसे में एक-एक वोट अहम है। हालांकि 25 हजार से ज्यादा अंतर वाली 111 में 108, 50 हजार से ज्यादा अंतर वाली 43 सीटें टीएमसी जीती थी। देश के 12 राज्यों-यूटी में 27 अक्टूबर 2025 से एसआईआर के दूसरे फेज के तहत वोटर वेरिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू हुई थी। अब तक कुल 11 राज्यों-यूटी की फाइनल लिस्ट पब्लिश हो चुकी है। अब 10 अप्रैल को उत्तर प्रदेश की फाइनल लिस्ट आएगी।



## खबर एक नजर...

### शराब की बोतल फोड़ने से मना करने पर विवाद

**उज्जैन।** देवासरोड प्रेमनगर चंदेसरी में बीती रात सिंहस्थ द्वारा के पास दुकान चलाने वाले सुमित पिता राधेश्याम धौलपुरिया ने अपनी दुकान के पास शराब की बोतल फोड़ रहे अजय और शिवम को मना किया तो दोनों ने गाली-गलौच करते हुए सुमित के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। मामले में नागझिरी पुलिस ने सुमित की शिकायत पर दोनों युवकों के खिलाफ धारा 296 (ए), 351 (3), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया है।

### जवाहर नगर से बाइक चोरी

**उज्जैन।** मक्सीरोड लोट्स प्लेटिनम कालोनी में रहने वाला प्रकाश पिता बाबूलाल परमार परिचित से मिलने नानाखेड़ा स्थित जवाहर नगर गया था। जहां से उसकी बाइक क्रमांक एमपी 13 ईएक्स 5380 अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गये। पुलिस ने मामले में 5 दिन बाद प्रकरण दर्ज किया। बाइक चोरी का एक मामला बड़नगर थाना क्षेत्र की वृंदावन कालोनी विहार से सामने आया। प्रद्युम पिता नारायणसिंह राठौर की बाइक क्रमांक एमपी 13 झेड झेड 0682 बदमाश घर के बाहर से चोरी कर ले गये। मामले में 8 दिन बाद मामला दर्ज किया गया।

### सीने में दर्द उठने के बाद ड्रायवर की मौत

**उज्जैन।** ट्रक में सोड़ा भरकर उज्जैन आये ड्रायवर की लौटते समय शनिवार दोपहर सीने में दर्द उठने के बाद तबीयत बिगड़ गई। क्लीनर अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मंदसौर के भानुपुरा स्थित ग्राम संधारा का रहने वाला अशोक पिता कालूलाल 35 साल ट्रक ड्रायवर था। शुक्रवार रात वह गुजरात के तारापुर से ट्रक में सोड़ा भरकर उज्जैन उद्योगपुरी स्थित सर्फ फेक्ट्री आया था। ट्रक खाली करने के बाद वह वापस लौटने के लिये निकले थे। रात में भैरवगढ़ क्षेत्र में मदरसे के पास ठहर गये। शनिवार सुबह उसे मंदसौर के लिये निकलना था, इससे पहले चाय नाश्ता किया, वहीं अशोक ने क्लीनर राजकुमार से कहा कि दोपहर तक चलते है, इस दौरान क्लीनर ने कहा कि अब दोपहर में खाना खाने के बाद ही चलेंगें। लेकिन कुछ देर बाद ही अशोक के सीने में दर्द होने लगा। क्लीनर उसे लोगों की मदद से चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और मृतक के परिजनों को सूचना दी। शाम को मंदसौर से आये परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया।

### पोस्टमेन को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**उज्जैन।** बाइक पर सवार पोस्टमेन को शुक्रवार-शनिवार रात अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। घायल पोस्टमेन को अस्पताल लाया जाता उससे पहले रास्ते में मौत हो गई। देवासरोड स्थित ग्राम मताना में रहने वाला निरंजन पिता देवीलाल वर्मा 52 साल नरवर डाक आफिस में पोस्टमेन था। वह शादी में शामिल होने ग्राम चंदेसरा गया था। रात में वापस लौटते समय चंदेसरा ब्रिज के पास उसे अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन पोस्टमेन की मौत हो चुकी थी। नागझिरी थाना पुलिस ने मृतक के पास मिले दस्तावेजों से पहचान कर परिजनों को सूचना दी। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि निरंजन वर्मा 2 बच्चों के पिता थे। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरु की है।

### अस्पताल में भीड़ प्रबंधन और मेंटेनेंस में सुधार के लिए कहा

**उज्जैन।** कायाकल्प योजना के तहत जिला अस्पताल चरक भवन में चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता जांचने के लिए स्टेट टीम ने शनिवार को निरीक्षण किया। डॉ. सुधीर डहेरिया सीएमएचओ सीहोर, डॉ. विशाल शुक्ला डीएचएस भोपाल और डॉ. विनोद परमार डीएच रायसेन की तीन सदस्यीय टीम ने अस्पताल में ओपीडी, आईपीडी, पर्ची काउंटर, ऑपरेशन थिएटर, भर्ती वार्ड, शिशु ओपीडी, लेबर रूम, शिशु वार्ड और दवा स्टोर का निरीक्षण किया।

# फीकी रही मसान की होली


ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वाराणसी की मसान होली इस बार काफी फीकी रही क्योंकि इस बार प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए कुछ ही लोगों को इसमे शामिल होने की अनुमति दी।

**क्या है मसान होली-** विश्व में अपने आप मे रोमांच लिए हुए ये अद्भुत होली चिता की राख से सिर्फ बनारस शहर में मनाई जाती है। गंगा नदी के प्रसिद्ध मणिकर्णिका घाट पर साधु-संत, अघोरी व तांत्रिक ये अद्भुत होली चिता की भस्म उड़ाकर खेलते हैं। चिता की भस्म से खेली जानेवाली इस होली को देखने लोग दूर दूर से आते हैं।

**भस्म होली का महत्व-** यदि जन्म पर उत्सव मनाया जाता है तो मृत्यु भी एक अटल सत्य है। अंतिम पड़ाव स्थल पर मृत्यु को आनंद के साथ मनाना एक





परंपरा रही है शिव की नगरी बनारस में क्योंकि शिव की नगरी है बनारस। पुरानी मान्यतानुसार भगवान शिव विवाह उपरांत जब उमा के साथ बनारस पधारे तो स्थानीय लोगों ने उमंग के साथ बाबा व मां उमा का स्वागत रंग उड़ाकर किया था किन्तु भगवान शिव थोड़े दुखी थे क्योंकि यक्ष, गंधर्व व भूत प्रेत इस होली में नहीं थे। शिव ने रंगभरी ग्यारस के बाद माघ शुक्ल पक्ष की द्वादशी को गंगा के तट पर सभी भूत प्रेत व गणों के साथ भस्म की होली खेली थी। शिव के आनंद को बनाए रखने के लिए बाद में साधक व तांत्रिक हर साल गंगा के मणिकर्णिका घाट पर एकत्र होकर अपने ईष्ट भगवान शिव को खुश करने के लिए ये भस्म की होली मनाने लगे, भस्म ही बाबा का श्रृंगार है।

**मसान होली खेली सीमित श्रद्धालुओं ने -** इस वर्ष मणिकर्णिका घाट पर निर्माण कार्य के चलते स्थानीय प्रशासन ने बहुत कम ही लोगों को मसान होली खेलने की अनुमति दी। सीमित जगह होनेपर भगदड़ के अंदेशे को भांपते हुए प्रशासन ने मणिकर्णिका घाट पर सिर्फ कुछ साधु संतों को ही जाने दिया इसलिए मसानी होली थोड़ी फिकी रही। कल मसानी होली पूरे उत्साह से मनाई गई। डमरू बजाते साधु व तांत्रिक मणिकर्णिका घाट पहुंचे और जलती चिता की भस्म उड़ाते रहे। इस दौरान इस होली के साक्षी बनने के लिए हजारों लोग घाट पर पहुंचे किन्तु प्रशासन ने अनुमति नहीं दी तब दर्शकों ने पड़ोस के सिंधिया घाट से इस होली को देखा और आनंदित हुए।

# ग्राहक को लड्डू में नाखून मिला


## कर्मचारी बोला- आटा गूंथते वक्त गिरा, खाद्य विभाग का रेस्टोरेंट पर छापा, लाइसेंस सस्पेंड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश के उज्जैन के एक रेस्टोरेंट में परोसे गए लड्डू में नाखून मिला। एक महिला कस्टमर ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद फूड डिपार्टमेंट की टीम ने रेस्टोरेंट पर रेड मारी। सर्च के बाद फूड डिपार्टमेंट ने रेस्टोरेंट का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में एक महिला लड्डू में नाखून होने की शिकायत करती दिख रही है। वह वीडियो में यह कहते हुए सुनाई दे रही है कि लड्डू में नाखून मिला। उसने यह भी दावा किया कि खाने की क्वालिटी खराब थी। इस बारे में भी शिकायत दर्ज कराई है।

**कर्मचारी ने कहा- आटा गूंथते समय गिर गया होगा-** रेस्टोरेंट संचालक संजय राका का कहना है कि सब साजिश के तहत बदनाम करने के लिए वीडियो बनाकर वायरल किया गया है। पूरा खाना खाने के बाद आखिरी में महिला ने नाखून निकलने का आरोप



लगाया है। हालांकि वीडियो में रेस्टोरेंट का एक कर्मचारी यह बताते हुए दिख रहा है कि नाखून आटा गूंथते समय गिर गया होगा।

### खाद्य विभाग की कार्रवाई

वीडियो वायरल होने के बाद फूड सेफ्टी ऑफिसर बसंत शर्मा और उनकी टीम ने रेस्टोरेंट साई दरबार जाकर मौके पर जाकर इंस्पेक्शन किया। इंस्पेक्शन के दौरान खाने की हैंडलिंग और साफ-सफाई को लेकर कुछ कमियां पाई गईं। फूड सेफ्टी ऑफिसर बसंत शर्मा के मुताबिक, एहतियात के तौर पर रेस्टोरेंट का लाइसेंस दो दिन के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। लड्डू और आलू करी के सैंपल लेकर टेस्टिंग के लिए लैब में भेज दिए गए हैं। टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 25 फरवरी को खराब लड्डू का वीडियो वायरल करने पर FIR

इससे पहले एक युवक ने महाकाल मंदिर में लड्डू प्रसाद में खराबी की शिकायत की थी। उसने लड्डू प्रसाद का वीडियो बनाकर 25 फरवरी को शेयर किया था। युवक के खिलाफ झूठ फैलाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। इंस्टाग्राम ID _roshan_yadav2 पर वीडियो जारी करना उज्जैन के एक कंटेंट क्रिएटर को महंगा पड़ गया। वीडियो जारी होने के दो दिन बाद महाकाल मंदिर समिति ने क्रिएटर के खिलाफ महाकाल पुलिस स्टेशन में आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कराया।

### 3 मार्च को चंद्र ग्रहण

# मंगलनाथ मंदिर में दिनभर पूजा-अर्चना बंद



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के प्रसिद्ध श्री मंगलनाथ मंदिर में 3 मार्च को चंद्र ग्रहण के कारण सभी प्रकार की पूजा-अर्चना और गर्भगृह में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध सुबह 6:47 बजे से शाम 6:47 बजे तक लागू रहेगा। मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक के.के. पाठक ने बताया कि यह निर्णय चंद्र ग्रहण के वेद लगने (स्पर्श) से लेकर उसकी समाप्ति तक की अवधि के लिए लिया गया है। इस दौरान श्रद्धालुओं को गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। प्रतिबंध के तहत भात पूजन सहित मंदिर में होने वाली समस्त प्रकार की पूजा-अर्चना पूर्णतः वर्जित रहेगी। यह व्यवस्था भक्तों और मंदिर की परंपराओं को ध्यान में रखते हुए लागू की गई है। इसी दिन होली (धुलेंडी व रंग पंचमी) होने के कारण उच्च न्यायालय के दिशानिर्देशों का पालन भी किया जाएगा। मंदिर परिसर और गर्भगृह में केमिकल युक्त गुलाल एवं रंगों से होली खेलने पर भी सख्त प्रतिबंध रहेगा।

# विक्रमोत्सव 2026 में तीन अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत इस वर्ष तीन अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। ये आयोजन काव्य प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण होंगे और विक्रमोत्सव को राष्ट्रीय आयाम प्रदान करेंगे।

पहला कवि सम्मेलन 1 मार्च को 'लोक रंजन' कार्यक्रम श्रृंखला के तहत कालिदास संस्कृत अकादमी के बहिरंग सभामंडप में होगा। यह भारतीय जनजातीय भाषाओं और बोलियों पर आधारित होगा। इसका उद्देश्य देश की समृद्ध लोक परंपराओं और क्षेत्रीय बोलियों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है।

**उज्जैन में विविध भाषाओं और नारी शक्ति पर केंद्रित आयोजन**



**सम्मेलन में ये कवि होंगे शामिल-** सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से ख्यातनाम कवि अपनी भाषाई एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी रचनाओं का पाठ करेंगे। इनमें कोटा से मुकुट मणिराज (हाड़ौती), पलसूद से रतन प्रेमी (भीली बोली), भीलवाड़ा से राजकुमार बादल (मेवाड़ी), पंधाना से वीरेंद्र चौरे (निमाड़ी), भिलाई से किशोर तिवारी (छत्तीसगढ़ी), देवरिया से बादशाह प्रेमी (भोजपुरी), बाराबंकी से अजय प्रधान (अवधी), तराना से विक्रम विवेक (मालवी) और उज्जैन से शशांक दुबे (मालवी व्यंग्यकार) प्रमुख हैं। कार्यक्रम का संचालन अशोक भाटी करेंगे।

### 7 मार्च को महिला कवयित्री सम्मेलन


दूसरा अखिल भारतीय कवयित्री सम्मेलन 7 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होगा। यह नारी शक्ति पर केंद्रित होगा और कालिदास संस्कृत अकादमी के बहीरंग सभामंडप में ही होगा। इसमें देशभर की विदुषी कवयित्रियां महिला सशक्तिकरण, संवेदना, संघर्ष और उपलब्धियों पर आधारित रचनाओं का काव्यपाठ करेंगी।

### दिनेश दिग्गज 14 मार्च को सुनाएंगे कविता

- तीसरा कवि सम्मेलन 14 मार्च को दिनेश दिग्गज द्वारा प्रतिवर्षानुसार घंटाघर चौराहे पर आयोजित किया जाएगा। नगर के मध्य स्थित यह ऐतिहासिक स्थल जनसमान्य के आकर्षण का केंद्र रहा है, जहाँ बड़ी संख्या में श्रोता काव्य रस का आनंद लेने आते हैं।
- राजेश सिंह कुशवाह ने बताया कि इन आयोजनों के माध्यम से विक्रमोत्सव न केवल साहित्यिक चेतना को सशक्त कर रहा है, बल्कि भारत की विविध भाषाई संस्कृति को एक मंच पर एकत्रित करने का कार्य भी कर रहा है।

उज्जैन
रविवार
01
मार्च, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### परवार समाज का स्नेह सम्मेलन एवं जनगणना निर्देशिका का विमोचन आज

**इंदौर।** धर्म, समाज, संस्कृति, जीवदया, मानव सेवा एवं संतों के प्रति समर्पित नगर की दिगंबर जैन परवार समाज का स्नेह सम्मेलन एवं जनगणना निर्देशिका परवार दर्पण का विमोचन समारोह श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन परवार समाज धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट इंदौर के तत्वावधान में 1 मार्च रविवार को दोपहर 1.30 बजे से दस्तूर गार्डन फूटी कोठी चौराहा इंदौर में होगा। इस अवसर पर समाज के उदार हृदय धर्म सहयोगियों का सम्मान, धार्मिक तंबोला, लकी ड्रा एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि समारोह के अतिथि होंगे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला कृष्ण मुरारी मोघे, पार्षद राजीव जैन एवं वरिष्ठ समाजसेवी उदारमना नरेंद्र जैन, पप्पा ट्रस्ट अध्यक्ष राजेश जैन लारेल एवं महामंत्री राजू जैन अलबेला ने बताया कि यह सम्मेलन समाज की एकता एवं सामाजिक सौहार्द में वृद्धि करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### इंदौर में 6 बदमाशों को किया जिलाबदर, होली से पहले पुलिस की कार्रवाई

**इंदौर।** इंदौर में सक्रिय गुंडे-बदमाशों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने संबंधित जोन के पुलिस अधिकारियों से मिले प्रतिवेदन पर कार्रवाई करते हुए 6 कुख्यात बदमाशों को जिलाबदर और 12 शातिर बदमाशों को थाना हाजिरी के लिए निर्बंधन आदेश जारी किया है। इन 12 बदमाशों को निर्धारित समय अवधि पर संबंधित थाने पर हाजिरी देना होगी। अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त नहीं रहेंगे। शहर में लोकशांति को भंग करने का कोई काम नहीं करेंगे। इनका उल्लंघन करने पर पुलिस वैधानिक कार्रवाई करेगी। इनके द्वारा क्षेत्र में लगातार आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा था। इन पर गंभीर धाराओं के कई थानों में अपराध दर्ज है।

### पेस्ट कंट्रोल पर सवाल संक्रमण का खतरा

**इंदौर।** एमवाय अस्पताल में फिर गंभीर चूक सामने आई है। शनिवार को एक बिल्ली ऑपरेशन थिएटर तक पहुंच गई। सर्जरी ओटी से मेन ओटी तक मूवमेंट देखा गया। ओटी में बिल्ली की चहलकदमी से संक्रमण की आशंका है। इससे पेस्ट कंट्रोल और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस पर प्रबंधन ने संबंधित कंपनी को एक और नोटिस दिया। काम संभालने के बाद दो महीने में सफाई और सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही को लेकर कंपनी को आधा दर्जन नोटिस दिए जा चुके हैं। हाई रिस्क जोन में है ओटी ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू और लेबर रूम वैरी हाई रिस्क क्षेत्र हैं, जहां संक्रमण मुक्त वातावरण जरूरी है। ऐसे क्षेत्रों में बाहरी जीव की मौजूदगी मेडिकल प्रोटोकॉल के तहत संक्रमण जोखिम बढ़ाती है। स्टाफ का कहना है ओटी परिसर में रक्त और जैविक अपशिष्ट की गंध जानवरों को आकर्षित कर सकती है, इसलिए प्रवेश नियंत्रण और कचरा प्रबंधन दोनों का सख्त होना जरूरी है। एमवाय में हेपेटाइटिस बी पॉजिटिव, टीबी, एचआईवी संक्रमित और गंभीर गैंगरीन की सर्जरी होती है। विशेषज्ञों के अनुसार ऐसे में संक्रमण नियंत्रण में चूक से स्थिति गंभीर हो सकती है। मॉनिटरिंग में लापरवाही फैसिलिटी मैनेजमेंट के तहत सफाई, सुरक्षा और कम्प्रेहेंसिव पेस्ट कंट्रोल का जिम्मा निजी एजेंसी को दिया है। पेस्ट कंट्रोल साप्ताहिक आधार पर किए जाने का दावा है। हालांकि लगातार सामने आ रही घटनाएं संकेत देती हैं कि मैदानी निगरानी प्रभावी नहीं है।

### 2800 कार्टूनों में भरकर एक ही परमिट पर 2 गाड़ियों में ले जा रहे थे, 2 अरेस्ट

# इंदौर में 80 लाख की बीयर जब्त

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में एक ही परमिट पर 2 गाड़ियों में ले जा रहे अवैध बीयर को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों गाड़ियां और अवैध शराब जब्त करने के साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

ये गाड़ियां मक्सी से धार की तरफ जा रही थी। 2800 कार्टूनों में 80 लाख की बीयर भरी हुई थी। पुलिस ने एक ट्रक और आयशर सहित 1 करोड़ का सामान जब्त किया है। शनिवार को पुलिस ने मामले का खुलासा किया है।

डीसीपी कुमार प्रतीक ने बताया कि अवैध शराब के खरीदी-बिक्री और ट्रांसपोर्ट करने वाले आरोपियों को पकड़ने के लिए लसूड़िया टीआई तारेश सोनी के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई थी। शुक्रवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। जिसके बाद टीम ने ये कार्रवाई की।



टीम ने एक ट्रक और एक आयशर देवास तरफ से इंदौर बायपास पर होटल एटपीएम के सामने आते दिखे। जिन्हें रोककर चेक किया गया तो दोनों गाड़ियों में बोल्ट सुपर स्ट्रांग बीयर कार्टूनों में भरी हुई थी। ट्रक चालक से उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम काशीराम (38) पिता माल सिंह डाबर निवासी श्रीनाथ कॉलोनी पीथमपुर जिला धार और आयशर चालक ने अपने नाम शेख अजगर (50) पिता अशरफ निवासी ग्राम झोकर थाना मक्सी जिला शाजापुर होना बताया।

### एक जैसा परमिट दिखाने लगे

- भारी मात्रा में शराब देख पुलिस ने बीयर के ट्रांसपोर्ट के संबंध में डॉक्यूमेंट्स मांगे तो दोनों ही चालक अलग-अलग एक जैसा परमिट दिखाने लगे। दोनों से एक ही परमिट पर एक ही कंपनी की बीयर का ट्रांसपोर्ट करने के बारे में पूछताछ की, लेकिन वे बराबर जवाब नहीं दे पाए।
- दोनों आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने कायमी कर दोनों को गिरफ्तार कर अवैध बीयर जब्त की। अवैध बीयर की कीमत 80 लाख रुपए है, जबकि दोनों गाड़ियों को मिलाकर पुलिस ने 1 करोड़ रुपए का सामान जब्त किया है। दोनों से पुलिस पूछताछ कर जानकारी निकाल रही है।

### एक गाड़ी को खराब होना बताया

- डीसीपी कुमार प्रतीक ने बताया कि ये जानकारी भी सामने आई है, इसमें एक गाड़ी को खराब बताकर दूसरी गाड़ी में माल लोड करना बताया गया। मगर दोनों ही गाड़ियों को पुलिस ने जब्त कर लिया है।
- ये गाड़ी शाजापुर जिले में मक्सी के पास वेयरहाउस से शराब लेकर धार की तरफ ट्रांसपोर्ट की जा रही थी। आरोपियों से पूछताछ कर और भी जानकारी निकाली जा रही है। इसमें धारा भी बढ़ाई जाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि नेमावर रोड़ पर एक वेयर हाउस पर ये बिल्टी बनी थी। इसकी भी तस्दीक की जा रही है।

# दंपती डिजिटल अरेस्ट, 1.15 करोड़ की ठगी

### खुद को एटीएस अधिकारी बताकर वीडियो कॉल पर दी गिरफ्तारी की धमकी, बंधक बनाया

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर में साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर बुजुर्ग दंपती से 1 करोड़ 15 लाख रुपए ठग लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना हीरानगर पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता 80 वर्षीय विजय सक्सेना और उनकी पत्नी सुमन सक्सेना (77वर्ष), निवासी बजरंग नगर, इंदौर के मोबाइल पर 15 नवंबर 2025 को वीडियो कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को पुणे एटीएस मुख्यालय का अधिकारी 'चंद्रभान सिंह' बताया। उसने दावा किया कि सुमन के नाम से जम्मू में एचडीएफसी बैंक खाते में 70 लाख रुपए की संदिग्ध ट्रांजैक्शन हुआ है और



मामला आतंकवाद से जुड़ा है। वीडियो कॉल पर जांच का ड्रामा आरोपियों ने लगातार वीडियो कॉल कर महिला और उनके पति को कथित पूछताछ के नाम पर घंटों बैठे रहने को मजबूर किया। उन्हें धमकी दी गई कि सहयोग नहीं किया तो गिरफ्तारी होगी, संपत्ति जब्त होगी और बच्चों को नुकसान पहुंचाया जाएगा। डर के माहौल में आरोपियों ने व्हाट्सऐप पर आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक संबंधी दस्तावेज मंगवा लिए। इसके बाद दो अलग-अलग बैंक खातों के नंबर देकर कहा कि जांच पूरी होने तक रकम सुरक्षित ट्रांजैक्शन के रूप में ट्रांसफर करनी होगी।

**20 नवंबर को दो खातों में ट्रांसफर हुए 1.15 करोड़-** 20 नवंबर 2025 को महिला ने अपने खाते से 49.70 लाख रुपए और उनके पति ने 65.30 लाख रुपए एनईएफटी के माध्यम से बताए गए खातों में ट्रांसफर कर दिए। आरोपियों ने यह भी हिदायत दी कि बैंक में पूछताछ होने पर बताना कि रकम बेटियों के लिए भेजी जा रही है। रकम ट्रांसफर के बाद लगातार फोन कॉल्स और मानसिक दबाव के चलते पति की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। दामाद को बताई आपबीती, फिर पहुंची क्राइम ब्रांच घटना के कुछ दिन बाद महिला ने पूरी जानकारी अपने दामाद को दी। इसके बाद मामले की शिकायत साइबर क्राइम ब्रांच में की गई। जांच के बाद 27 फरवरी 2026 को हीरानगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई।

# बिना ट्रीटमेंट पेयजल सप्लाय न करें

### जहरीली हुई गंभीर नदी, रामसर साइट यशवंत सागर तक पर मंडराया संकट

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शिप्रा के बाद अब गंभीर नदी पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के प्रदूषण की भेंट चढ़ रही है। केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जांच में खुलासा हुआ है कि दूषित पानी अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट 'यशवंत सागर' तक पहुंच चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, गंभीर नदी में मल जनित फीकल कॉलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा 11,000 से 16,800 तक मिली है, जबकि यशवंत सागर में यह 4,000 तक पहुंच गई है। ये वही खतरनाक बैक्टीरिया हैं, जिनसे भागीरथपुरा पेयजल त्रासदी हुई थी। प्रदूषण के कारण कई स्थानों पर 'डिजॉल्व ऑक्सीजन' घटकर 4 मिग्रा रह गई है, जिससे मछलियां और जलीय जीव मर रहे हैं। जांच रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि बिना ट्रीटमेंट इस पानी का उपयोग न करें, अन्यथा इंदौर के पश्चिम क्षेत्र की 30 एमएलडी पेयजल आपूर्ति ठप हो सकती है। बोर्ड की सख्त सिफारिशें: क्षेत्रीय अधिकारी सतीश कुमार चौकसे के अनुसार, रिपोर्ट नगरीय विकास विभाग को सौंप दी गई है।

# एसवीआईएमएस में तीन दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का सफल आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को बढ़ावा देना थीम पर आधारित तीन दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोपाल, आईसीएआर -इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ वेजिटेबल रिसर्च, माइक्रोबायोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया ने स्पॉन्सर किया और विज्ञान भारती ने इसे कैटलाइज किया ।

प्रथम दिवस- कार्यक्रम के प्रथम दिन विशेषज्ञ व्याख्यान डॉ. एम. पी. शर्मा, प्रिंसिपल साइंटिस्ट, आईसीएआर - एनएसआरआई द्वारा एग्रीकल्चर साइंस में एग्री बिजनेस के मौके विषय पर दिया गया। उन्होंने सोयाबीन क्षेत्र में



व्यवसायिक संभावनाओं, सोयाबीन के पोषण एवं आर्थिक महत्व, फसल उत्पादन में प्रमुख चुनौतियों तथा सोयाबीन व्यवसाय के लिए सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं एवं अनुदानों की विस्तृत जानकारी दी।

इसके पश्चात पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, साइंटिफिक रंगोली प्रतियोगिता, आसान विज्ञान प्रयोग प्रतियोगिता, विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता तथा भारत में सस्टेनेबल डेवलपमेंट: बेहतर भविष्य के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को जोड़ना विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच एवं रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

द्वितीय दिवस- दूसरे दिन प्रथम विशेषज्ञ व्याख्यान डॉ. इंदीवर प्रसाद,, सीनियर साइंटिस्ट,आईसीएआर-आईवीआरआई, वाराणसी द्वारा जीनोम एडिटिंग: अ न्यू टूल विषय पर प्रस्तुत किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को सरल भाषा में समझाया कि जीनोम एडिटिंग एक आधुनिक जैव-प्रौद्योगिकी तकनीक है, जिसके माध्यम से जीवों के डीएनए में सटीक परिवर्तन कर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाई जा सकती है तथा कृषि एवं चिकित्सा क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार संभव हैं।

द्वितीय व्याख्यान डॉ. पंकज सागदेओ, प्रोफेसर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंदौर द्वारा साइंटिफिक चैलेंजेस एंड अपॉर्चुनिटीज: विजन एंड मिशन ऑफ क्लीन एंड ग्रीन फ्यूचर विषय पर दिया गया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, सतत विकास और वैज्ञानिक नवाचार की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विज्ञान आधारित समाधान ही स्वच्छ एवं हरित भारत के निर्माण का आधार हैं।

इसके अतिरिक्त क्रिस्पर टेक्नोलॉजी पर एक ऑनलाइन विशेषज्ञ सत्र तथा जीनोम एडिटिंग: अ न्यू बायोलॉजिकल टूल' विषय पर हैंड्स-ऑन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसे सतीश कुमार, शोधकर्ता, आईसीएआर - इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पल्सेस रिसर्च, कानपुर द्वारा संचालित किया गया। उन्होंने जीन संपादन की नवीनतम प्रगति एवं आधुनिक जैविक अनुसंधान उपकरणों की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। इस दिन विज्ञान क्विज, इनोवेशन इन साइंस फॉर सस्टेनेबल एक्टिविटी विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## खबर एक नजर...

### अभियान के चलते दो चरण में प्रशिक्षण

**उज्जैन।** मीडिएशन फॉर नेशन कैंपियन 2-0 के अंतर्गत जिला न्यायालय में न्यायाधीशगण हेतु राज्य स्तरीय रेफरल संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया गया। राष्ट्र के लिए अभियान कार्यक्रम न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा मुख्य न्यायाधिपति मप्र उच्च न्यायालय एवं मुख्य-संरक्षक, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व तथा न्यायमूर्ति विवेक रुसिया प्रशासनिक न्यायाधिपति मप्र उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम चरण 14 फरवरी को जबलपुर एवं भोपाल संभाग के न्यायिक अधिकारियों हेतु तथा द्वितीय चरण दिनांक 28 फरवरी 2026 को इंदौर एवं ग्वालियर संभाग के न्यायिक अधिकारियों हेतु आयोजित किया गया।

### अस्पताल में भीड़ प्रबंधन और मेंटेनेंस में सुधार के लिए कहा

**उज्जैन।** कायाकल्प योजना के तहत जिला अस्पताल चरक भवन में चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता जांचने के लिए स्टेट टीम ने शनिवार को निरीक्षण किया। डॉ. सुधीर डहेरिया सीएमएचओ सीहोर, डॉ. विशाल शुक्ला डीएचएस भोपाल और डॉ. विनोद परमार डीएच रायसेन की तीन सदस्यीय टीम ने अस्पताल में ओपीडी, आईपीडी, पर्ची काउंटर, ऑपरेशन थिएटर, भर्ती वार्ड, शिशु ओपीडी, लेबर रूम, शिशु वार्ड और दवा स्टोर का निरीक्षण किया। टीम ने अलग-अलग वार्डों में भ्रमण कर मरीजों, स्टाफ और परिजन से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं और सेवाओं की जानकारी ली।

### फिरोजिया की चित्र प्रदर्शनी का समापन

**उज्जैन।** कालिदास संस्कृत अकादमी की उपनिदेशक डॉ. योगेश्वरी फिरोजिया द्वारा अपने पिता भूरेलाल फिरोजिया की स्मृति में आयोजित एकल चित्रकला प्रदर्शनी का नई दिल्ली स्थित ललित कला अकादमी में समापन हो गया। यह प्रदर्शनी 21 से 27 फरवरी तक आयोजित की गई थी।

### पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस माधव कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का समापन, वक्ताओं ने नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी पर किया मंथन

# 'विज्ञान हमारा दृष्टिकोण विस्तृत करता है, विकसित भारत में महिला वैज्ञानिकों की भूमिका अहम' -डॉ प्रदीप शर्मा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन





प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय में 28 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने विज्ञान के महत्व और विज्ञान-तकनीक के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की।

समारोह में इंदौर से आए डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि विज्ञान हमारे दृष्टिकोण को विस्तृत रूप देता है। आज भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन में 30 से 40 प्रतिशत तक उच्च कोटि की महिला वैज्ञानिक कार्यरत हैं। अगली सदी में यह भूमिका और अधिक बढ़ेगी। उन्होंने डॉ. सीवी रमन के नोबेल पुरस्कार से जुड़ी जानकारी साझा करते हुए कहा कि 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को हासिल करने में महिला वैज्ञानिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विज्ञान सिर्फ एक विषय की सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक विचारधारा है। किसी भी विषय को गहराई से समझने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण जरूरी है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि विद्वानों को महिला और पुरुष वर्ग में नहीं बांटा जाना चाहिए। भारत में महिलाएं अब विकसित राष्ट्र की नई इबारत लिख रही हैं।

अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन की भौतिक विज्ञान प्राध्यापक डॉ. स्वाति दुबे ने रेडियोधर्मिता की खोज करने वाली मैडम क्यूरी को महिलाओं का वैश्विक आइकॉन बताया। उन्होंने कहा कि भारत में विज्ञान, तकनीकी और गणित में महिलाओं की भागीदारी 43 प्रतिशत है, और आईआईटी जैसे संस्थानों में 50 प्रतिशत छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। हालांकि, उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि इतने बड़े क्षेत्र में कार्य करने के बावजूद महिलाएं नेतृत्व के स्तर पर पीछे क्यों हैं।

#### विजेताओं को मिला पुरस्कार

समारोह के दौरान विज्ञान दिवस के प्रथम दिन आयोजित हुई प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अजीता केलवा ने किया और आभार डॉ. प्रमोद मालवीय ने माना। आयोजन में मनीष कुमार शर्मा और प्रो. सादिक मंसूरी ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रमोद कुमार मालवीय और डॉ. दिनेश वर्मा थे। इस अवसर पर विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय के सभी प्राध्यापक, विद्यार्थी और महाविद्यालय का स्टॉफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहा।

## ढूंढेश्वर महादेव में 10 दिनों तक चला शिव-पार्वती विवाह उत्सव, सवा लाख रुद्राक्ष बांटे

### 21 दिनों के जप-तप व अभिषेक के बाद हुआ महादेव का रिसेप्शन, 84 महादेवों में तीसरे स्थान पर है मंदिर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

रामघाट स्थित 84 महादेवों में तीसरे नंबर पर विराजित ढूंढेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व 10 दिनों तक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान ब्रह्मांड के अधिपति महादेव और जगत जननी मां जगदंबा पार्वती के विवाह उत्सव के विविध रंग देखने को मिले। भक्तों ने ढूंढेश्वर महादेव के दूल्हा स्वरूप के दर्शन कर पुण्य लाभ लिया।

इसी कड़ी में मंदिर में 21 दिनों तक जप, तप, आराधना और मंत्रोच्चार के साथ महादेव का अभिषेक किया गया। महाशिवरात्रि पर्व से ही श्रद्धालुओं को सवा लाख अभिमंत्रित रुद्राक्षों का निशुल्क वितरण भी किया जा रहा है। ढूंढेश्वर महादेव मंदिर भक्त समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के समापन अवसर पर महादेव का रिसेप्शन आयोजित किया गया। इस भव्य आयोजन में ढूंढेश्वर महादेव मंदिर के शासकीय पुजारी ज्योतिर्विद अजय कृष्णा शंकर व्यास, उद्धव जोशी, प्रेम शंकर पांडे, ओम नारायण पांडे, वासुदेव रावल, रामेश्वर पांडे, राजेश दिसावर, सोमेश गुरु, मेवाड़ा समाज अध्यक्ष मोहन मेवाड़ा, कमल सिंह रही, मनोज परमार, विकास गुप्ता, दीपक शर्मा, गणेश गर्ग, एडवोकेट नितिन जोशी, अभय त्रिवेदी, प्रशांत पांडे, शिव गुरु और नवीन श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

## महाकाल मंदिर और लोक में होली पर रंग-गुलाल प्रतिबंधित

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



होली पर्व पर 2 और 3 मार्च को ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर और महाकाल लोक में रंग-गुलाल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। मंदिर प्रशासन ने गर्भगृह, नंदी मंडपम और गणेश मंडपम सहित संपूर्ण परिसर में किसी भी प्रकार का रंग ले जाने, उड़ाने या विशेष उपकरणों के उपयोग पर रोक लगा दी है। प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार, यह नियम श्रद्धालुओं के साथ-साथ पुजारी, पुरोहित, पुलिसकर्मी और सफाई कर्मचारियों पर भी लागू होगा। मंदिर के सभी प्रवेश द्वारों पर सुरक्षाकर्मी सघन जांच करेंगे। कंट्रोल रूम से सीसीटीवी के जरिए हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी ताकि कोई गुपचुप तरीके से रंग न ले जा सके। हालांकि, परंपरा के निर्वहन के लिए त्रिकाल आरती के दौरान मंदिर की कोठार शाखा द्वारा उपलब्ध कराया गया 1-1 किलो हर्बल गुलाल ही पुजारियों द्वारा अर्पित किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### डॉ. गीतांजलि मिश्रा की शोध कृति 'बुंदेली लोक साहित्य का अनुशीलन' का विमोचन

उज्जैन। ॐ क्लीं महाकाली महाविद्या शक्तिपीठ द्वारा 26 फरवरी को क्षिप्रम् होटल के सभागार में डॉ. गीतांजलि मिश्रा के शोध कार्य पर आधारित ग्रंथ 'बुंदेली लोक साहित्य का अनुशीलन' का लोकार्पण किया गया। इस पुस्तक में मुख्य रूप से लोकपर्व, व्रत, त्यौहार और उत्सवों पर केंद्रित बुंदेली लोक कथाओं का विस्तृत अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती और राजकुमारी मिश्रा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। वरिष्ठ कवयित्री अनामिका सोनी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जिसमें तबले पर पंडित शैलेंद्र भट्ट और हारमोनियम पर पंडित अजय मेहता ने संगत दी। अतिथियों का स्वागत पंडित राजाराम मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा, शक्तिपीठ आचार्य हरगोविंद मिश्रा, भागवत आचार्य पंडित रितेश रावल और पंडित शाश्वत मिश्रा ने किया।

# उज्जैन विक्रमोत्सव 2026 में तीन अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

### विक्रमोत्सव 2026 में तीन अखिल भारतीय कवि सम्मेलन: उज्जैन में विविध भाषाओं और नारी शक्ति पर केंद्रित आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उज्जैन में विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत इस वर्ष तीन अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। ये आयोजन काव्य प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण होंगे और विक्रमोत्सव को राष्ट्रीय आयाम प्रदान करेंगे। पहला कवि सम्मेलन 1 मार्च को 'लोक रंजन' कार्यक्रम श्रृंखला के तहत कालिदास संस्कृत अकादमी के बहीरंग सभामंडप में होगा। यह भारतीय जनजातीय भाषाओं और बोलियों पर आधारित होगा। इसका उद्देश्य देश की समृद्ध लोक परंपराओं और क्षेत्रीय बोलियों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है।

#### सम्मेलन में ये कवि होंगे शामिल

सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से ख्यातनाम कवि अपनी भाषाई एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी रचनाओं का पाठ करेंगे। इनमें कोटा से मुकुट मणिराज (हाड़ौती), पलसूद से रतन प्रेमी (भीली बोली), भीलवाड़ा से राजकुमार बादल (मेवाड़ी), पंधाना से वीरेंद्र चौरे (निमाड़ी), भिलाई से किशोर तिवारी (छत्तीसगढ़ी), देवरिया से बादशाह प्रेमी (भोजपुरी), बाराबंकी से अजय प्रधान (अवधी), तराना से विक्रम विवेक (मालवी) और उज्जैन से शशांक दुबे (मालवी व्यंग्यकार) प्रमुख हैं। कार्यक्रम का संचालन अशोक भाटी करेंगे।

#### 7 मार्च को महिला कवियित्री सम्मेलन

दूसरा अखिल भारतीय कवयित्री सम्मेलन 7 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होगा। यह नारी शक्ति पर केंद्रित होगा और कालिदास संस्कृत अकादमी के बहीरंग सभामंडप में ही होगा। इसमें देशभर की विदुषी कवयित्रियां महिला सशक्तिकरण, संवेदना, संघर्ष और उपलब्धियों पर आधारित रचनाओं का काव्यपाठ करेंगी।

तीसरा कवि सम्मेलन 14 मार्च को दिनेश दिग्गज द्वारा प्रतिवर्षानुसार घंटाघर चौराहे पर आयोजित किया जाएगा। नगर के मध्य स्थित यह ऐतिहासिक स्थल जनसामान्य के आकर्षण का केंद्र रहा है, जहाँ बड़ी संख्या में श्रोता काव्य रस का आनंद लेने आते हैं। राजेश सिंह कुशवाह ने बताया कि इन आयोजनों के माध्यम से विक्रमोत्सव न केवल साहित्यिक चेतना को सशक्त कर रहा है, बल्कि भारत की विविध भाषाई संस्कृति को एक मंच पर एकत्रित करने का कार्य भी कर रहा है।

## खबर एक नजर...

### भारत विकास परिषद की प्रांतीय बैठक आज

**उज्जैन।** भारत विकास परिषद के प्रांतीय अंतिम सत्र की बैठक 1 मार्च को उज्जैन में होगी। बैठक चिंतामण रोड स्थित गार्डन में परिषद की अवंतिका शाखा की मेजबानी में होगी। शाखा अध्यक्ष अजय मिश्रा ने बताया बैठक मध्य क्षेत्र के रीजन अध्यक्ष सुनील कोठारी, रीजनल संगठन सचिव सुनील लवंगीकर और रीजनल गतिविधि संयोजक सेवा प्रदीप चोपड़ा के आतिथ्य में होगी। अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल करेंगे।

### बस संचालकों ने की हड़ताल स्थगित

**उज्जैन।** अब 2 मार्च से बसों का संचालन बंद नहीं होगा। मध्यप्रदेश बस ऑनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शनिवार रात भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाना स्थगित कर दिया। एसोसिएशन के महामंत्री जयकुमार जैन और शिवकुमार शर्मा (उज्जैन) ने बताया कि सीएम डॉ. यादव ने एसोसिएशन की सभी मांगें मान ली है। ये भरोसा भी दिलाया कि सरकार बस संचालकों का नुकसान नहीं होने देगी। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश सरकार अपने स्तर पर प्रदेश में बसों के संचालन की तैयारी कर रही थी। इस नीति से बस संचालकों को अपना अस्तित्व और कारोबार खत्म होता नजर आ रहा था। लिहाजा सरकार की उक्त नीति के विरोध में बस संचालकों ने 2 मार्च से संचालन बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी।

### गुरुजनों के प्रति सम्मान: दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों की अनोखी भेंट

**उज्जैन।** सरस्वती विद्या मंदिर में 28 फरवरी को सत्रांत के उपलक्ष्य में दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने विद्यालयीन अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया और अपनी स्मृति के रूप में विद्यालय को एक फ्रिज भेंट किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व वंदना से हुआ। समारोह में पूर्व छात्र अभय त्रिवेदी मुख्य अतिथि तथा उज्जैन विभाग समन्वयक राकेश जोशी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इनके अलावा समिति अध्यक्ष राजेंद्र प्रकाश गुप्त, सह सचिव अभिलाष जैन, विद्यालय प्राचार्य भगवान सिंह ठाकुर, मक्सी मार्ग प्रधानाचार्य हर्षा और सरस्वती महाविद्यालय की प्राचार्य एकता इंग्ले भी मंचासीन रहीं। कार्यक्रम की प्रथम कड़ी में विद्यालय प्राचार्य द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने अतिथियों को श्रीफल व स्मृति चिह्न भेंट कर उनका स्वागत किया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।

दीक्षांत समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने मिलकर विभिन्न खेल खेले। विद्यालय के सभी क्षेत्रों में क्रियाशील रहने पर गुंजन जोशी और अवधेश पांडेय को विशेष खिताब से नवाजा गया। इस अवसर पर कनिष्ठ विद्यार्थियों ने वरिष्ठ विद्यार्थियों को तिलक लगाकर और फोटो फ्रेम प्रदान कर भावपूर्ण विदाई दी।

# उज्जैन के मंदिरों में फाग उत्सव की शुरूआत

### भक्तों ने भगवान के साथ गुलाल-फूलों से खेली होली, दूसरे शहरों से भी पहुंचे लोग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





होलिका दहन से पहले ही धर्मनगरी उज्जैन रंगों में सराबोर नजर आ रही है। शहर के प्रमुख मंदिरों में फाग उत्सव शुरू हो चुका है और गुलाल और फूलों से जमकर होली खेली जा रही है। वैष्णव संप्रदाय के मंदिरों के साथ ही नई पेठ स्थित गजलक्ष्मी मंदिर, छत्री चौक स्थित गोपाल मंदिर और खाटू श्याम जी मंदिर में शनिवार को भक्त रंगों में सराबोर नजर आए।

फाग उत्सव के तहत मंदिरों में भव्य आयोजन किए गए, जहां भक्ति, संगीत और रंगों का अद्भुत संगम देखने को मिला। भजन-कीर्तन के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान के चरणों में आस्था अर्पित की और जमकर गुलाल उड़ाया। फूलों की होली ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी के साथ होली खेलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। ठाकुर की हवेली सहित कई वैष्णव मंदिरों में गुलाल और फूलों से होली खेली जा रही है। इस उत्सव में उज्जैन के अलावा देवास, इंदौर, रतलाम सहित अन्य शहरों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पुजारी अनिमेश शर्मा ने बताया कि हर वर्ष बसंत पंचमी के बाद फाल्गुन मास की शुरूआत होती है, जो भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित माना जाता है। फाल्गुन माह में होली का पर्व विशेष उल्लास के साथ मनाया जाता है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने राधाजी और गोपियों के साथ होली खेलकर रासलीला की थी, तभी से फाग महोत्सव की परंपरा चली आ रही है।

#### 2 मार्च को निकलेगी भव्य पेशवाई

# नारायणा धाम में 201 क्विंटल फूलों से खेली जाएगी होली

### कृष्ण-सुदामा की मित्रता के प्रतीक स्थल पर होगा फाग और ध्वज उत्सव, हाथी-घोड़ों के साथ निकलेगा चल समारोह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



कृष्ण-सुदामा की मित्रता के प्रतीक स्थल नारायणा धाम में कृष्ण सुदामा उत्सव समिति द्वारा सोमवार 2 मार्च को फाग और ध्वज उत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर 201 क्विंटल फूलों से होली खेलने का भव्य आयोजन होगा।

दुर्गा शंकर पांचाल बांदका ने बताया कि जिस तरह मथुरा, वृंदावन और गोकुल की होली विश्व प्रसिद्ध है, उसी तरह नारायणा धाम की फूलों की होली प्रसिद्ध है। मुख्यमंत्री मोहन यादव की भी इस आयोजन में हमेशा से रुचि रही है और वे पूर्व में इन कार्यक्रमों में शामिल होते रहे हैं।

ध्वजारोहण का सौभाग्य मंगलनाथ मंदिर के पुजारी जितेन्द्र भारती और उनकी पत्नी जया भारती को मिला है। निवार्णी अखाड़ा द्वारा दिग्विजय के नेतृत्व में पेशवाई में निशान और अखाड़ा निकाला जाएगा। होली और ध्वज उत्सव का चल समारोह सुबह 9 बजे मंदिर से बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ शुरू होगा।

समारोह में मालवी फाग गीतों पर बाबूलाल देवड़ा की कलाकार मंडली अपनी प्रस्तुति देगी। इसके साथ ही अन्य क्षेत्रों की भजन मंडलियां भी हिस्सा लेंगी। चल समारोह में हाथी, घोड़े और ऊंट भी शामिल होंगे। पूरे गांव में इस फूल गैर का फूलों से भव्य स्वागत किया जाएगा। समिति द्वारा पूरे उत्सव की ड्रोन कैमरे से शूटिंग की जाएगी। दोपहर अभिजीत मुहूर्त में मंदिर के शिखर पर भव्य ध्वजारोहण होगा। इसके बाद महाआरती होगी और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कृष्ण सुदामा उत्सव समिति और नारायणा धाम के कार्यकताओं ने भक्तों से इस महोत्सव में शामिल होकर कृष्ण-सुदामा की मित्रता का रंगोत्सव मनाने की अपील की है।

### दुग्ध उत्पादन के साथ सप्लाई से बढ़ेगा रोजगार और आय

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ (भोपाल) और जिला सहकारी संघ (उज्जैन) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 'कौशल उन्नयन एवं नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम' का शुक्रवार को समापन हो गया। यह प्रशिक्षण उज्जैन तहसील की दुग्ध सहकारी संस्थाओं के अध्यक्षों, संचालकों, समिति प्रबंधकों, सचिवों और कंप्यूटर ऑपरेटरों के लिए 26 और 27 फरवरी को आयोजित किया गया था।

### 3 मार्च को चंद्र ग्रहण:मंगलनाथ मंदिर में दिनभर पूजा-अर्चना बंद:

**उज्जैन।** उज्जैन के प्रसिद्ध श्री मंगलनाथ मंदिर में 3 मार्च को चंद्र ग्रहण के कारण सभी प्रकार की पूजा-अर्चना और गर्भगृह में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध सुबह 6:47 बजे से शाम 6:47 बजे तक लागू रहेगा। मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक के.के. पाठक ने बताया कि यह निर्णय चंद्र ग्रहण के वेद लगने (स्पर्श) से लेकर उसकी समाप्ति तक की अवधि के लिए लिया गया है। इस दौरान श्रद्धालुओं को गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। प्रतिबंध के तहत भात पूजन सहित मंदिर में होने वाली समस्त प्रकार की पूजा-अर्चना पूर्णतः वर्जित रहेगी। यह व्यवस्था भक्तों और मंदिर की परंपराओं को ध्यान में रखते हुए लागू की गई है। इसी दिन होली (धुलेंडी व रंग पंचमी) होने के कारण उच्च न्यायालय के दिशानिर्देशों का पालन भी किया जाएगा। मंदिर परिसर और गर्भगृह में केमिकल युक्त गुलाल एवं रंगों से होली खेलने पर भी सख्त प्रतिबंध रहेगा।

# अंकुर गोयल बने मध्य भारत क्षेत्रीय परिषद के नए अध्यक्ष, निर्भीक गांधी को सचिव का दायित्व

### नई कार्यकारिणी का गठन, सात राज्यों के 85 हजार चार्टर्ड अकाउंटेंट और ढाई लाख छात्रों का करेगी प्रतिनिधित्व

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन शाखा अध्यक्ष आशीष तोतला ने बताया कि भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की मध्य भारत क्षेत्रीय परिषद की वर्ष 2026-27 के लिए नवनिर्वाचित प्रबंध समिति की बैठक 28 फरवरी को कानपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हुई। इस बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें कानपुर के अंकुर गोयल को अध्यक्ष और भीलवाड़ा के निर्भीक गांधी को सचिव निर्वाचित किया गया।

मध्य क्षेत्र के निवर्तमान अध्यक्ष अंकुर गुप्ता ने बताया कि अन्य प्रमुख पदों पर अंकुश जैन को उपाध्यक्ष, धवल कोठारी को कोषाध्यक्ष और नितिन गुप्ता को छात्र संघ सिकासा का अध्यक्ष चुना गया है। मध्य भारत क्षेत्रीय परिषद संस्थान की प्रमुख क्षेत्रीय परिषदों में से एक है। इसमें राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, झारखंड और बिहार सहित सात राज्य शामिल हैं। इस क्षेत्रीय परिषद के अंतर्गत लगभग 85 हजार चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्य और दो लाख 50 हजार विद्यार्थी पंजीकृत हैं। बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने परिषद की भावी कार्ययोजना पर चर्चा की और पेशेवर उत्कृष्टता, तकनीकी सशक्तिकरण तथा सदस्य व विद्यार्थी हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। नई समिति अपने आगामी कार्यकाल में तकनीकी संगोष्ठी, सम्मेलन, कौशल विकास कार्यक्रम और उद्योग-पेशेवर समन्वय को मजबूत करने पर विशेष ध्यान देगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन और करियर सलाह कार्यक्रमों को भी अधिक व्यापक बनाने की दिशा में पहल की जाएगी। अंत में उज्जैन शाखा अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित टीम को शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्रीय परिषद को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# 32 वर्ष की सेवा के बाद सोलंकी उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज से सेवानिवृत्त

### प्राचार्य डॉ. पेंढारकर के नेतृत्व में दी गई विदाई, लघुवेतन कर्मचारी संघ ने किया भव्य सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मध्य प्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 रमेश चंद सोलंकी 32 वर्ष से अधिक की शासकीय सेवा पूर्ण करने के बाद शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने 6 सितंबर 1993 से 28 फरवरी 2026 तक कुल 32 वर्ष, 5 माह और 23 दिन तक अपनी सेवाएं दीं।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उमेश पेंढारकर के नेतृत्व में उन्हें गरिमामय विदाई दी गई। इस उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ द्वारा रमेश चंद सोलंकी का भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। संघ के उज्जैन जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी और उनकी टीम ने यह सम्मान समारोह आयोजित किया। इसी कार्यक्रम के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के श्रीकांत उदगीर का भी स्वागत व सम्मान किया गया।

जिला सचिव मुकेश रायकवार ने बताया कि इस शुभ अवसर पर लघुवेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी, संभागीय अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष दशरथ सीहोते, अन्य संभागीय अध्यक्ष गुलशन मंसूरी, विभागीय अध्यक्ष सुनील खत्री, रामचंदर बाथम और जितेंद्र चौहान सहित कई पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर...

### खाटू श्याम का तीन दिवसीय प्राकट्य व फाग उत्सव संपन्न

**उज्जैन।** रामघाट स्थित पारदेश्वर महादेव सिद्धाश्रम के प्राचीन खाटू श्याम मंदिर में श्याम प्रेमियों द्वारा खाटू श्याम का प्राकट्य और तीन दिवसीय फाग उत्सव अत्यंत उत्साहपूर्वक मनाया गया। 28 फरवरी की सुबह खीर चूरमा भोग प्रसादी के साथ इस तीन दिवसीय आयोजन ने विश्राम लिया। सरोज अग्रवाल और तरुण मित्तल ने बताया कि इन तीन दिनों में गणेश पूजन, खाटू श्याम का अभिषेक, रानी सती दादी का मंगल पाठ, भव्य निशान यात्रा, विशाल भंडारा, भजन संध्या और बारस पर खीर चूरमा प्रसादी व ज्योत के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। सुरेंद्र जोशी ने कार्यक्रम में पधारे सभी श्याम व दादी भक्तों, महिलाओं, बुजुर्गों, प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सेवादारों और मीडिया का आभार माना। साथ ही उन्होंने निशान यात्रा जुलूस में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने के लिए पुलिस व प्रशासन को भी विशेष धन्यवाद दिया। इस पूरे तीन दिवसीय आयोजन की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संपन्न कराने में श्याम सेवा समिति के सुनील अग्रवाल, राजेश सारडा, विजय गोयल, संतोष शर्मा, सुधा अग्रवाल, रेखा गोयल, गोलू भैया, सुरेंद्र परमार सहित समिति के समस्त सदस्यों की अहम भूमिका रही।

उत्सव की शुरूआत 26 फरवरी को पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा द्वारा खाटू श्याम के दूध, दही, पंचामृत और गंगाजल से किए गए अभिषेक के साथ हुई। इसके पश्चात नवीन पोशाक पहनाकर इत्र व पुष्पों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। दोपहर में महिला मंडल द्वारा दादी मंगल पाठ किया गया। 27 फरवरी को भव्य निशान यात्रा गोपाल मंदिर से निकाली गई। सुसज्जित रथ, डीजे और बैंड-बाजे के साथ निकली यह विशाल यात्रा पटनी बाजार, गुदरी चौराहा, सवारी मार्ग और कहारवाड़ी होते हुए रामघाट मंदिर पहुंची। यहाँ भक्तों ने अपने निशान अर्पित किए, जिसके बाद महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। शाम को मंदिर प्रांगण में ज्योत, भव्य भजन संध्या और फाग महोत्सव मनाया गया।

### संस्कृत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जाना महाभारतकालीन अस्त्र-शस्त्रों का विज्ञान

**उज्जैन।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शनिवार, 28 फरवरी को विक्रमोत्सव में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा लगाई गई महाभारतकालीन अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को भारत की प्राचीन संस्कृति और उसमें अंतर्निहित ज्ञान-विज्ञान परंपरा से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत साहित्य और ज्योतिष विभाग ने प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा के मार्गदर्शन में इस भ्रमण का आयोजन किया। प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थियों ने महाभारत काल में प्रचलित अनेक अस्त्र-शस्त्रों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और उनके प्रयोग विज्ञान को भी गहराई से समझने का प्रयास किया।

---

**पार्षद रजनी गोहर ने सीएमओ को चूड़ियां भेंट कीं, कार्रवाई न करने का लगाया आरोप**

# वार्ड में काम न होने पर जताया विरोध, समाधान का आश्वासन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नागदा में नगर परिषद की बैठक में वार्ड क्रमांक 21 की कांग्रेस पार्षद रजनी लखन गोहर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) रवि गुप्ता को चूड़ियां भेंट कर विरोध दर्ज कराया। पार्षद ने आरोप लगाया कि उनके वार्ड में लंबे समय से विकास कार्य नहीं हो रहे हैं और प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा।

रजनी गोहर ने बताया कि वे कई महीनों से जल निकासी और अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर सीएमओ को लिखित और मौखिक रूप से अवगत करा रही थीं। इसके बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों में नाराजगी है और सुनवाई न होने के कारण उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका विरोध किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि व्यवस्था की निष्क्रियता के खिलाफ है।



नगर परिषद अध्यक्ष गोविंद भरावा ने कहा कि पार्षद को पहले औपचारिक चर्चा करनी चाहिए थी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वार्ड 21 की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा और सभी पार्षदों के साथ समन्वय बनाकर काम किया जाएगा। सीएमओ रवि गुप्ता ने कहा कि वार्ड में कई विकास कार्य कराए गए हैं, जबकि कुछ काम बजट की कमी के कारण लंबित हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि बजट स्वीकृत होते ही शेष काम पूरे कर दिए जाएंगे। उन्होंने पार्षद के विरोध को अनुचित बताया और कहा कि प्रशासन लगातार काम कर रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वार्ड में कुछ जगहों पर अधूरी नालियां और गंदगी की समस्या बनी हुई है। निवासियों ने बताया कि शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं हुआ।

### मीणा समाज सेवा संगठन ने सौंपा दायित्व; पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की अपेक्षा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश मीणा समाज सेवा संगठन द्वारा रुदाहेड़ा की सुविधा प्रहलाद मीणा को उज्जैन महिला जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। यह महत्वपूर्ण दायित्व महिला प्रदेश अध्यक्ष रेखा मीणा और प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण मीणा की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष योगेश मीणा द्वारा आगामी आदेश तक के लिए सौंपा गया है।

सुविधा प्रहलाद मीणा को यह जिम्मेदारी मिलने पर सतीश मीणा, आशुतोष मीणा, राजेश मीणा, दीपक मीणा, सतीश मीणा खोड़ा, दिनेश मीणा, गणेश मीणा, पंकज चादा, महेंद्र मीणा दादू, गणेश डोबाल, कमल सिंह मीणा, जगदीश मीणा, मधुरम मीणा, महेश मीणा, कमलेश मीणा, संजय मीणा चक, आयुष मीणा, नागदा अध्यक्ष कमल सिंह मीणा, पवन ऊषारा, विनोद मीणा छानवाल, महिदपुर अध्यक्ष संतोष मीणा, विजय सिंह मीणा, राकेश मंडावत मीणा, शक्ति मीणा, रंजीत मीणा, सीमा मीणा, नीम मीणा, ललिता मीणा, ओम प्रकाश मीणा, पवन मीणा, विष्णु मीणा, राहुल चंदा, विकास मीणा, जितेंद्र मीणा, टोनी मीणा, बंटी मीणा, प्रमिला मीणा और उर्मिला मीणा सहित संगठन के कई पदाधिकारी और समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया है। संगठन ने नवनियुक्त महिला जिलाध्यक्ष से इस दायित्व का पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वाह करने की अपेक्षा की है।

### 40 वर्ष की बेदाग सेवा के बाद फार्मासिस्ट संजय जोगलेकर सेवानिवृत्त

**उज्जैन।** फार्मासिस्ट संजय जोगलेकर के 40 वर्ष की बेदाग और सफल सेवा पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला कुष्ठ कार्यालय उज्जैन में उनका सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी ने की।

समारोह का संचालन करते हुए न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष और राज्य कर्मचारी संघ के जिला उपाध्यक्ष एम.आर. मंसूरी ने कहा कि संजय जोगलेकर सदैव सुस्ती, मस्ती और जबरदस्ती को दूर रखकर अपने कार्य को गति देते रहे। उन्होंने स्वास्थ्य को प्रथम मानते हुए राष्ट्रीय हित में सेवाएं दीं। ऐसे मानवता से भरे व्यक्तित्व को हम दिल से सलाम और हृदय से सम्मान करते हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. विक्रम रघुवंशी ने संजय जोगलेकर के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि वे अपने कर्तव्य के प्रति सदैव ईमानदार रहे। एम.आर. मंसूरी और हेल्थ एजुकेटर नारायण अकेला के नेतृत्व में उपस्थित साथियों ने संजय जोगलेकर का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

# आज होगा नाड़ी परीक्षण शिविर का समापन

**असाध्य रोगों के आयुर्वेदिक उपचार के लिए प्रदेश भर में लगेंगे निशुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर: 5 शहरों का शेड्यूल जारी**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल की नगरी में चल रहे निशुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर में आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से गंभीर और असाध्य बीमारियों के चमत्कारिक परिणाम सामने आ रहे हैं। क्षीरसागर गेट स्थित प्रकाश टॉकीज की गली के पास जायसवाल धर्मशाला में संचालित इस शिविर का समापन आज 1 मार्च को दोपहर 2 बजे किया जाएगा।

मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आगामी शिविर की तारीखों का भी ऐलान कर दिया गया है। अगला नाड़ी परीक्षण शिविर इसी स्थान पर आगामी 20 मार्च से 24 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।

शिविर में इलाज कराने आए मरीजों ने अपने अनुभव साझा किए। अस्थमा (श्वास) की गंभीर समस्या से पीड़ित और अकेले जीवन यापन करने वाले उज्जैन निवासी मोतीलाल मेमरोट को वैद्य संतोष आनंद जायसवाल ने 4 दिन की दवा पूरी तरह निशुल्क दी है। मोतीलाल ने बताया कि दवा से उन्हें पहले ही दिन से श्वास लेने में काफी आराम मिला है। वहीं, जेथल टेक से आईं राजू बाई बागड़िया, यशोदा बाई बागड़िया और सुगंधा बागड़िया ने घुटने के दर्द, कमर दर्द और सूजन की समस्या के लिए शिविर में परामर्श लिया। सटीक इलाज के लिए वैद्य ने इन्हें ईएसआर और सीआरपी टेस्ट करवाने की भी सलाह दी है।

### उज्जैन, इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर में हर महीने लगेगा शिविर

माँ दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान प्राईवेट लिमिटेड के तत्वावधान में मध्य प्रदेश के पांच प्रमुख शहरों में प्रतिमाह 5 दिवसीय निशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में 25 वर्षों के अनुभवी आयुर्वेद विशेषज्ञ एवं नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल द्वारा मरीजों का उपचार किया जाएगा। पर्चे में दी गई जानकारी के अनुसार, वैद्य संतोष आनंद जायसवाल बिना किसी जांच रिपोर्ट के केवल नाड़ी देखकर रोगों का सटीक निदान करते हैं। शिविर में चमत्कारी संजीवनी बूटियों द्वारा बिना ऑपरेशन के सफल इलाज किया जाएगा।

#### प्रदेश के 5 शहरों में शिविर का मासिक शेड्यूल

मरीजों की सुविधा के लिए संस्था ने अलग-अलग शहरों में शिविर की तारीखें निर्धारित की हैं। इसके तहत ग्वालियर में हर महीने की 1 से 5 तारीख तक प्रथम मंजिल, जगन्नाथ चैम्बर, होटल साया के बगल में (पड़ाव) शिविर लगेगा। इसी तरह जबलपुर में 6 से 14 तारीख तक 14/165 एवं 14/166, विजय नगर, कंचन विहार रोड (घड़ी चौराहा के पहले) और भोपाल में 15 से 19 तारीख तक होटल पार्क, रंगमहल टॉकीज (टी.टी. नगर, न्यू मार्केट) में मरीजों का उपचार किया जाएगा। उज्जैन में 20 से 24 तारीख तक जायसवाल धर्मशाला, क्षीरसागर (प्रकाश टॉकीज की गली में) तथा इंदौर में 25 से 30 तारीख तक चौकसे धर्मशाला, परदेशीपुरा (सुभाष नगर चौराहा) में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### इन बीमारियों का मिलेगा विशेष इलाज

शिविर में विशेष रूप से मिर्गी, साइनस, माइग्रेन, दमा, भगंदर, 6 प्रकार की बवासीर, पथरी, साइटिका, टी.बी. और थायराइड जैसे गंभीर मर्जों की केवल एक ही बार दवाई दी जाती है। इसके अतिरिक्त लिवर, किडनी, शुगर, 84 प्रकार के गठियावात, हृदय रोग, चर्म रोग और महिलाओं से संबंधित गंभीर बीमारियों सहित कुल 56 प्रकार के रोगों का आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से उपचार उपलब्ध रहेगा। सभी शहरों में यह निशुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक संचालित होगा। रजिस्ट्रेशन और अधिक जानकारी के लिए मरीज मोबाइल नंबर 9300644113, 9422869113 और 9755703571 पर संपर्क कर सकते हैं।

# दो दिवसीय आवास मेले का शुभारंभ, एक ही छत के नीचे मिलेगा सपनों का घर

**पहले दिन 100 से अधिक लोगों ने किया विजिट, रविवार को होगा बिल्डर-ब्रोकर सम्मान व लकी ड्रॉ**

### 11 हजार तक के नकद इनाम और ऑफर्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के शर्मा परिसर में सर्व सनातन धर्म संस्कार जन कल्याण समिति के तत्वावधान में शनिवार को दो दिवसीय भव्य आवास मेला और बिल्डर-ब्रोकर सम्मान समारोह का शुभारंभ हुआ। सुबह 11:30 बजे बिल्डर व समाजसेवी हेमंत व्यास ने फीता काटकर इस मेले का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम की शुरूआत बाबा महाकाल के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज रावत ने मुख्य अतिथि हेमंत व्यास का शॉल-श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। उद्घाटन के पश्चात हेमंत व्यास ने कहा कि यह आयोजन उज्जैनवासियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जहां एक ही स्थान पर मकान, प्लॉट, फ्लैट और कृषि भूमि बुक करने की सुविधा मिल रही है। उन्होंने मेले में लगे विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया, प्रॉपर्टी पर मिल रहे ऑफर्स की जानकारी ली और वहां मौजूद बिल्डरों व ब्रोकरों को शुभकामनाएं दीं। मेले में ग्राहकों के लिए बंपर गिफ्ट्स, विशेष ऑफर्स और 11 हजार रुपये नकद तक के लकी ड्रॉ रखे गए हैं। रविवार को आयोजन के दूसरे दिन प्रॉपर्टी बेस्ट सेलर और अचीवमेंट अवार्ड के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बिल्डरों और ब्रोकरों का सम्मान भी किया जाएगा। मेले के पहले दिन ही 100 से अधिक लोगों ने विजिट कर प्रॉपर्टी से संबंधित जानकारियां लीं।



विशाल दुबे ने बताया कि इस अवसर पर आयोजन समिति के अभिजीत जोशी, विनोद जोशी, मनोज शर्मा, रत्नेश व्यास, प्रेम नारायण उपाध्याय, श्रवण शर्मा, हर्ष सोलंकी, ऋतिक सोनगरा, रवि चौधरी, अर्चना शर्मा, कल्पना पटवा, वंदना जैन, मोना भंडारी और पूजा परमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

## 14 वर्षीय बालिकाओं को मिलेगी नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुह का कैंसर) की रोकथाम के लिये देश में पहली बार एचपीवी वैक्सीन का टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 28 फरवरी 2026 को अजमेर से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए राष्ट्रव्यापी एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया है।

इसी क्रम में जिले में भी कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अतुलकर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम डॉ. सचिन पाटीदार की पुत्री सुश्री अनवी पाटीदार को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। साथ ही सुश्री भूमिका पिता संतोष माली को भी टीकाकृत किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अतुलकर ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले में जिला चिकित्सालय सहित सिविल अस्पताल जोबट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रशेखर आजाद नगर, कट्ठीवाड़ा, सोंडवा एवं उदयगढ़ में 14 वर्षीय बालिकाओं का नि:शुल्क टीकाकरण किया जाएगा।सिविल सर्जन डॉ. प्रकाश ढोके ने बताया कि पूर्व में एचपीवी वैक्सीन निजी संस्थानों में उपलब्ध थी, किंतु अब शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में भी यह नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. प्रकाश पटेल ने बताया कि जिले को कुल 5388 एचपीवी वैक्सीन डोज प्राप्त हुई हैं। यह टीकाकरण केवल उन किशोरी बालिकाओं को किया जाएगा, जिन्होंने 14वां जन्मदिन पूरा कर लिया है तथा 15वां जन्मदिन नहीं मनाया है। अर्बन नोडल अधिकारी डॉ. सचिन पाटीदार ने बताया कि अभियान के अंतर्गत गार्डासिल-4 का सिंगल डोज लगाया जाएगा। यह वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित है और सर्वाइकल कैंसर से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करती है।

## करंट लगने से हुई मृत्यु के मामले में कलेक्टर से आर्थिक सहायता की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

नवीन कृषि उपज मण्डी चंगेरा में बीती 3 मार्च 2025 को करंट लगने से मनोज पिता नरसिंह यादव नि.बघाना की मृत्यु के मामले में जिला कलेक्टर से जनसुनवाई में मृतक के भाई त्रिलोक प्लास ने शासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है।

मृतक के भाई त्रिलोक प्लास ने जिला कलेक्टर से मांग की कि नवीन कृषि उपज मण्डी चंगेरा में नवनिर्मित गोडाउनों की नियमानुसार 12 फीट उंचाई की बजाय 26 फीट हाईट को अनदेखा करने के कारण हुई मेरे भाई की करंट लगने से मृत्यु पश्चात विद्युत मण्डल/शासन से आर्थिक सहायता दिलवाई जाए। मनोज पिता नरसिंह यादव की 3 मार्च 2025 को कृषि उपज मण्डी चंगेरा में गोडाउन क्र.1 आर.एस.ट्रेडिंग के नियोजन में कार्य करते हुए करंट लगने से मृत्यु कारित हो गई थी। विद्युत मण्डल के नियमानुसार 11 केवी इलेक्ट्रिक लाईन के पास 12 फीट से अधिक भवन की उंचाई नहीं होनी चाहिए, जबकि नवीन कृषि उपज मण्डी में बनाए जा रहे गोडाउन क्र. 1 से 22 तक की उंचाई लगभग 26 फीट तक निर्मित की गई, जिस पर कार्य करने के दौरान मेरे भाई मनोज यादव की करंट लगने से मृत्यु हो गई। नियोजक द्वारा न तो उसे सुरक्षा मानक स्तर के उपकरण उपलब्ध कराए गए और न ही सुरक्षा सम्बंधी नियमों का पालन ही किया गया। दूसरी ओर विद्युत मण्डल द्वारा भी तय मानक अनुसार निर्माण कार्य न होने पर निरीक्षण में लापरवाही बरती गई, जिससे मेरे भाई की कार्य के दौरान मृत्यु कारित हो गई। जिसके सदमे में कुछ समय बाद मेरी मां की भी मृत्यु हो गई। मेरा परिवार भाई मनोज यादव एवं मां की असामयिक मृत्यु से आहत है। अभी तक किसी भी तरह की कोई आर्थिक सहायता परिवार को प्राप्त नहीं हुई है। मेहनत मजदूरी करके अपना गुजर बसर करने वाला प्रार्थी काम धंधा छोडकर प्रतिदिन न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। मृतक के भाई त्रिलोक प्लास ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि नवीन कृषि उपज मण्डी चंगेरा के नवनिर्मित गोडाउन क्र.1 से 22 तक की तकनीकी जांच की जाकर निर्माण एजेंसी और विद्युत मण्डल के विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही की जावे।

## नीमखेड़ा के उण्डा नाले पर पुलिया निर्माण की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वाह

समीपस्थ आदिवासी बाहुल्य ग्राम नीमखेड़ा के उण्डा नाले पर पुलिया निर्माण की मांग को लेकर विधायक सचिन बिरला ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र प्रेषित किया है।

पत्र में कहा गया है कि शासकीय रिजर्व वन विभाग के अंतर्गत ग्राम पंचायत काटकूट का ग्राम नीमखेड़ा दुर्गम और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। इस क्षेत्र में निवासरत आबादी आवागमन और आजीविका उपार्जन के लिए पूर्णतः उण्डा नाले पर निर्भर है। लेकिन उण्डा नाले पर पुलिया नहीं होने से आदिवासियों को प्रमुख रोजगार के स्त्रोत तेंदूपत्ता संग्रहण और तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र तक आवागमन में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस कारण यह आदिवासी क्षेत्र आर्थिक रूप से अत्यंत पिछड़ा हुआ है। वर्षाकाल में उण्डा नाला उफान पर रहता है। इस कारण ऊण्डा नाले से आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है। आपात स्थितियों में क्षेत्रवासियों को उफनते नाले को पार करने का जानलेवा जोखिम उठाना पड़ता है।वर्षाकाल में गर्भवती महिलाओं,बीमारों और वृद्धों को अस्पताल पहुंचाना और विद्यार्थी स्कूलों तक पहुंचना अत्यंत कठिन हो जाता है।

पत्र में बताया गया है कि ग्रामीण यांत्रिकी विभाग द्वारा उण्डा नाले पर पुलिया निर्माण हेतु लगभग 54 लाख रुपये का प्राक्कलन तैयार कर 27 जून 2025 को मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रेषित किया गया था।

## डॉ.अंबेडकर सामाजिक एकता मंच का 35वां प्रतिमा स्थापना वर्षगांठ समारोह संपन्न



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

बुरहानपुर में डॉ आंबेडकर सामाजिक एकता मंच के तत्वाधान में बाबा साहेब आंबेडकर जी की प्रतिमा की वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह लखनऊ उत्तर प्रदेश और भरत भाई परमार गुजरात से शामिल हुए। कार्यक्रम की विशेषताएं- पंचशील ध्वज और नीले ध्वज का धाजारोहण, डॉ आंबेडकर सामाजिक एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष गौतम इंगले ने बताया कि यह एक ऐतिहासिक गरिमामय समारोह है 1991 में डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी जन्म शताब्दी पर प्रदेश अध्यक्ष माननीय गौतम इंगले जी द्वारा सगरीय चौराहे पर छोटी प्रतिमा स्थापित की गई थी।

कार्यक्रम में उपस्थित- वरिष्ठ सहयोगी कार्यकर्ता सुरेश गोमटें, समाज के अध्यक्ष विनोद बाविस्कर, प्रदेश अध्यक्ष गौतम इंगले, राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि समाजसेवी डॉक्टर विनोद पाटिल, मराठा समाज के अध्यक्ष राजू दामु पाटिल और भी कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे

## पुलिस ने बकरा चोरी के प्रकरण में आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बड़वानी।** 26 फरवरी को थाना जुलवानिया, जिला बड़वानी (म.प्र.) पर फरियादी द्वारा उसका एक सफेद बकरा चोरी होने संबंधी सूचना दी गई। प्राप्त सूचना पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## हकीमी अस्पताल में पति-पत्नी की मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

हकीमी अस्पताल में वैष्णवी नागेश चौहान की मौत और उनके पति नागेश चौहान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद हंगामा मच गया है। परिजनों ने अस्पताल संचालक डॉ. मुफज्जल बोहरा और डॉ. रेहाना बोहरा पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

क्या है मामला- वैष्णवी की मौत के दौरान ऑपरेशन थिएटर में 6-7 लोग मौजूद थे परिजनों का आरोप है कि सिर्फ बोहरा दंपत्ति पर केस क्यों? गैर इरादतन हत्या की धारा में केस दर्ज होने से परिजन नाराज परिजनों का दावा है कि अस्पताल में पहले भी मौत और गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही के आरोप लगे हैं


परिजनों की मांग- हत्या की धाराओं में केस दर्ज करने की मांग पूरे अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग अस्पताल को दोबारा खोलने पर उच्च न्यायालय जाने की चेतावनी महेश सिंह चौहान ने कहा कि गैर इरादतन हत्या की धारा में थाने से ही जमानत संभव है, ऐसे में आरोपियों को कड़ी सजा मिलना मुश्किल है

पुलिस की कार्रवाई- गैर इरादतन हत्या की धारा में केस दर्ज अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग से स्टे मिला है, लेकिन परिजनों को सूचना नहीं मिली पुलिस पर भी अप्रत्यक्ष दबाव बनाने का आरोप लगाया गया है शहर में उबाल- दो मौतों के बाद दर्ज हुई एफआईआर ने शहर में बहस छेड़ दी है क्या यह केवल चिकित्सकीय लापरवाही है या उससे बड़ा अपराध? परिजन हत्या की धाराओं में केस दर्ज करने की मांग पर अड़े हैं उधर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की अगली कार्रवाई पर सबकी नजर टिकी है अब सवाल यह है कि न्याय की इस जंग में सच्चाई किसके पक्ष में खड़ी होगी?



## महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रेरक व्याख्यान का आयोजन

मंडलेश्वर।सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा त्रैमासिक गतिविधियों के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। महाविद्यालय संचालक बी एम पाटीदार ने कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट करते कहा कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करने कि बात कही।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विज्ञान प्राध्यापिका डॉ. प्रीति पाराशर (पी एम बी गुजराती विज्ञान महाविद्यालय इंदौर) ने विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज के युग में वैज्ञानिक सोच ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़े रहने के साथ, हमेशा प्रयोगधर्मी शिक्षा अपनाने, जिज्ञासा बनाए रखने तथा नई तकनीकों को समझने के लिए प्रेरित किया।अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने अपने उद्बोधन में भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों, अंतरिक्ष अनुसंधान, डिजिटल तकनीक और स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे नवाचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि युवा शक्ति देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है।



## शेषशायी आचार्य मन्दिर के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला

**आलीराजपुर।** श्री शेषशायी आचार्य मंदिर, आलीराजपुर के विरुद्ध डॉ. कुंजबिहारी शर्मा निवासी कोटा के द्वारा माननीय न्यायालय आलीराजपुर में वसीयत के आधार पर प्रकरण लगाया गया था, जिसमे वादी डॉ. कुंजबिहारी शर्मा का वाद निरस्त हुआ है। साथ ही दूसरे प्रकरण में बालकृष्ण शर्मा के द्वारा श्री शेषशायी वेंकटेश भगवान आचार्य मंदिर धार्मिक एवं पारमार्थिक न्यास आलीराजपुर के ट्रस्ट के विरुद्ध दावा लगाया था, यह वाद भी निरस्त हुआ है। इस प्रकार दोनों प्रकरणों में माननीय न्यायालय के आदेश अनुसार श्री शेषशायी वेंकटेश भगवान आचार्य मंदिर की विजय हुई है। इस न्यायिक यात्रा में लगभग 14 वर्ष का समय लगा। इस विस्तृत न्यायिक लड़ाई में एडवोकेट एन. के. बाहेती इन्दौर, एडवोकेट विशाल बाहेती इन्दौर, एडवोकेट उदय वढनेरकर धार, एडवोकेट सौरभ सोनी झाबुआ, एडवोकेट श्रीकान्त बाहेती आलीराजपुर, एडवोकेट मधुर गुप्ता आलीराजपुर एवं मंदिर के सभी भक्तजनों का सहयोग रहा। इस अवसर पर शनिवार शाम को 6 बजे आचार्य मन्दिर प्रांगण में भक्तजनों ने खुशी मनाते हुए भगवान की आरती की व गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया व भक्तजनों ने न्यायालय के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नही।

## प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल का दौरा कार्यक्रम

**बड़वानी ।** प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल 1 मार्च को प्रातः 11 बजे जुलवानिया से आकर मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर, दोपहर 12 बजे जुलवानिया से नागलवाड़ी के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12.30 बजे नागलवाड़ी में अधिकारियों की बैठक लेकर दोपहर 1 बजे नागलवाड़ी से बड़वानी के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल 2 मार्च को प्रातः 8 बजे बड़वानी से नागलवाड़ी के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रातः 9 बजे नागलवाड़ी आगमन एवं मंत्रीपरिषद की बैठक में सम्मिलित होकर सायं 6 बजे जुलवानिया से सारंगपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सीवरेज लाईन खुदाई कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग


**बड़वानी।** बड़वानी में जामरिया रोड राजेन्द्र मार्ग स्थित सीवरेज लाईन की खुदाई में लगे नल तोड़ दिये गये। एक सप्ताह हो जाने के बाद भी नल कनेक्शन सीवरेज द्वारा ठीक नहीं किया गया। क्षेत्र के रहवासी राजमल मारु ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों का ध्यान इस ओर दिलाया था। खुदाई में घटिया मटेरियल डाला जा रहा है। जिससे पाईप फूट रहे हैं। संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान दें।



किसी एक पल की लोकप्रियता के लिए नहीं, बल्कि लंबे और स्थायी करियर के लिए काम कर रही

### क्षणिक चमक नहीं

# लंबे सफर पर नजर रखती हैं रकुल प्रीत सिंह



फिल्म इंडस्ट्री में जहां ग्लैमर, प्रतिस्पर्धा और त्वरित सफलता की होड़ अक्सर सुर्खियां बनती है, वहीं अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने अपने करियर को लेकर एक अलग दृष्टिकोण सामने रखा है। एले इंडिया को दिए गए एक स्पष्ट और आत्मीय इंटरव्यू में रकुल ने अनुशासन, कड़ी मेहनत और लंबी पारी खेलने की सोच को अपनी पेशेवर पहचान का मूल आधार बताया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वह किसी एक पल की लोकप्रियता के लिए नहीं, बल्कि लंबे और स्थायी करियर के लिए काम कर रही हैं।

18 वर्ष की उम्र में बिना किसी फिल्मी पृष्ठभूमि के इंडस्ट्री में कदम रखने वाली रकुल ने शुरूआती दिनों को याद करते हुए कहा कि उन्हें यह भली-भांति पता था कि प्रतिस्पर्धा आसान नहीं होगी। उनके शब्दों में, कुछ लोग मुझसे ज्यादा खूबसूरत थे, कुछ ज्यादा प्रतिभाशाली, लेकिन कोई मुझसे ज्यादा मेहनत नहीं करेगा। मेरा काम ही मेरी पूजा है। यह कथन न केवल उनके आत्मविश्वास को दशार्ता है, बल्कि उस मानसिकता को भी उजागर करता है जिसने उन्हें लगातार सक्रिय और प्रासंगिक बनाए रखा।

रकुल ने अपने पेशेवर अनुशासन पर भी विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि समय की पाबंदी और प्रतिबद्धता उनके लिए समझौता करने वाली चीजें नहीं हैं। अगर मैंने 4 बजे कहा है तो 4 बजे ही। अगर मैंने कहा है कि हेयर और मेकअप में डेढ़ घंटा लगेगा, तो डेढ़ घंटा ही लगेगा। मुझे और कोई तरीका आता ही नहीं, उन्होंने कहा। इंडस्ट्री में जहां शूटिंग शेड्यूल अक्सर बदलते रहते हैं, वहां इस तरह की स्पष्टता और पेशेवर दृष्टिकोण उन्हें अलग पहचान देता है।

हालांकि, इस सख्त कार्यशैली को एक बड़ा झटका तब लगा जब रकुल को गंभीर पीठ की चोट का सामना करना पड़ा। यह चोट इतनी गंभीर थी कि वह लगभग चलने-फिरने में असमर्थ हो गई थीं। करीब एक वर्ष तक उन्हें हर जगह अपने साथ फिजियोथेरेपिस्ट रखना पड़ा। शूटिंग, फ्लाइट्स और प्रमोशनल इवेंट्स के बीच रोजाना रिहैबिलिटेशन सत्र उनके जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन गए।

रकुल ने बताया कि यह समय उनके लिए शारीरिक ही नहीं, मानसिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण था। मेलबर्न में भी 14 घंटे की शूटिंग के बाद मैं स्विमिंग या रिहैब के लिए जाती थी। मैं टीम से कहती थी, मुझे शाम को एक घंटा चाहिए। क्योंकि यह लंबी उम्र के बारे में है। मैं यहां कुछ समय के लिए नहीं आई हूं, उन्होंने कहा। यह बयान उनके करियर के प्रति दीर्घकालिक सोच को रेखांकित करता है।

चोट से उबरने की इस प्रक्रिया ने रकुल को अपने शरीर के प्रति अधिक सजग बना दिया। उन्होंने स्वीकार किया कि अब वह छोटे-छोटे फैसलों में भी लंबी अवधि के प्रभाव को ध्यान में रखती हैं। उदाहरण के तौर पर उन्होंने हाई हील्स पहनने को लेकर अपनी सोच में आए बदलाव का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में उन्होंने यह समझा कि हील्स पहनने से महिलाओं के शरीर का संतुलन लगातार आगे की ओर झुका रहता है, जो रीढ़ की हड्डी और पोश्चर पर बुरा असर डालता है। यह आपके लिए अच्छा नहीं है, फिर भी हम इसे फैशन रूल कहते हैं। क्यों? किसने तय किया कि दर्द ही महत्वाकांक्षा का प्रतीक है? रकुल ने सवाल उठाया। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने कई रेड कार्पेट इवेंट्स में फ्लैट्स पहनकर हिस्सा लिया है और कभी खुद को कमतर महसूस नहीं किया। मैंने फ्लैट्स में रेड कार्पेट किया है और कभी खुद को कमजोर नहीं महसूस किया। ईमानदारी से कहूं तो हमें इसे सामान्य बनाना चाहिए, उन्होंने कहा।


- रकुल की यह सोच इंडस्ट्री में बदलती प्राथमिकताओं की ओर भी इशारा करती है, जहां अब कलाकार अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने लगे हैं। लंबे समय तक टिके रहने की चाहत अब केवल लगातार फिल्मों में दिखने से पूरी नहीं होती, बल्कि संतुलित जीवनशैली, फिटनेस और पेशेवर अनुशासन से जुड़ती जा रही है। फिल्मी करियर की दौड़ में जहां कई कलाकार त्वरित सफलता की चमक के पीछे भागते हैं, वहीं रकुल का फोकस स्थिरता और निरंतरता पर है। उनका मानना है कि दर्शकों से जुड़ाव तभी कायम रहता है जब कलाकार खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से सक्षम रखे। यही कारण है कि वह अपने काम के साथ-साथ फिटनेस और रिकवरी को भी उतनी ही गंभीरता से लेती हैं।
- विशेषज्ञों का मानना है कि मनोरंजन उद्योग में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच रकुल जैसी सोच कलाकारों के लिए एक उदाहरण बन सकती है। जहां सोशल मीडिया और त्वरित लोकप्रियता का दबाव लगातार बढ़ रहा है, वहां दीर्घकालिक योजना और अनुशासन ही करियर को स्थायित्व प्रदान कर सकता है।
- रकुल प्रीत सिंह का यह स्पष्ट संदेश कि वह एक पल के लिए नहीं, बल्कि लंबे सफर के लिए इंडस्ट्री में हैं, उनके पेशेवर दृष्टिकोण को परिभाषित करता है। चोट, कठिन शेड्यूल और ग्लैमर की अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाते हुए उन्होंने यह दिखाया है कि सफलता केवल प्रतिभा का परिणाम नहीं, बल्कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और दूरदर्शिता का भी फल है।



### शिल्पा शेट्टी ने

# बास्टियन बंद होने की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

**बोलीं- मेरा नाम सिर्फ क्लिकबेट बनाकर पेश किया जा रहा है**




बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने आखिरकार अपने फेमस रेस्तरां बास्टियन के बंद होने की अफवाहों और उनके पति राज कुंद्रा को लेकर छाई नकारात्मक पब्लिसिटी पर बयान दिया है। अभिनेत्री ने कहा है कि पिछले कई महीनों से उनके नाम और ब्रांड का जिक्र मीडिया में ऐसे तरीके से हो रहा है जैसे उनका नाम केवल क्लिकबेट बन गया हो।

इंटरव्यू में शिल्पा ने बताया कि जो बातें सोशल मीडिया पर चल रही हैं, उन पर वह आम तौर पर चुप रहती हैं। उनका मानना है कि एक सेलिब्रेटी को कभी शिकायत नहीं करनी चाहिए और कभी स्पष्टीकरण नहीं देना चाहिए। लेकिन इस बार उन्होंने चुप्पी तोड़ी क्योंकि चचाओं का असर उनके प्यार से बनाया गया बास्टियन ब्रांड पर पड़ रहा था। उन्होंने साफ कहा कि चाहे खबरें कैसी भी हों, उनकी प्रतिष्ठा और काम की ईमानदारी लोगों को पहचान में आती है और यही वजह है कि ब्रांड आज भी मजबूती से खड़ा है। शिल्पा ने मीडिया में चल रही अफवाहों को नकारते हुए कहा कि उन्होंने जानबूझकर सोशल मीडिया पर ब्रांड से जुड़ी बातें साझा कीं, ताकि गलतफहमियों को दूर किया जा सके। बातचीत में बास्टियन के मूल संस्थापक रणजीत बिंद्रा भी मौजूद थे। उन्होंने हंसते हुए कहा कि किसी भी तरह की पब्लिसिटी अच्छी पब्लिसिटी होती है। शिल्पा ने भी माना कि नकारात्मक खबरों में भी कुछ सकारात्मक सीख मिलती है, खासकर जब लोग सकारात्मक सोच के साथ मुद्दों को लेते हैं। शिल्पा ने बास्टियन की शुरूआत का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि 2016 में वह पहली बार ग्राहक के रूप में बास्टियन गई थीं और वहीं से उनकी दोस्ती और पार्टनरशिप की शुरूआत हुई। बाद में यह ब्रांड बढ़ा और आज इसके चार अलग-अलग ब्रांड की आठ आउटलेट्स हैं। शिल्पा ने यह भी कहा कि लोग सही और गलत में फर्क करना जानते हैं, और वो अपने काम के साथ आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि बास्टियन अपने ग्राहकों को वही दे रहा है जो उन्हें चाहिए।

### जीतने वाली टीम सेमीफाइनल खेलेगी, कोलकाता में दूसरी बार वर्ल्ड चैंपियन बनी थी विंडीज

# भारत-वेस्टइंडीज के लिए आज करो या मरो मैच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



टी-20 वर्ल्ड कप का आखिरी सुपर-8 मैच आज भारत और वेस्टइंडीज के बीच शाम 7 बजे से खेला जाएगा। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में टॉस 6:30 बजे होगा। कोलकाता में दोनों टीमें 4 बार आमने-सामने आई हैं और सभी मुकाबले भारत ने जीते। वर्ल्ड कप में दोनों टीमें पहली बार कोलकाता में भिड़ेंगी।

यह मुकाबला क्वार्टर फाइनल जैसा ही है। सुपर-8 स्टेज में 1-1 जीत से दोनों के पास 2-2 पॉइंट्स हैं। दोनों टीमों को साउथ अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा। आज जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी, जबकि हारने वाली टीम का सफर खत्म हो जाएगा। वेस्टइंडीज की टीम कोलकाता में कभी टी-20 वर्ल्ड कप मैच नहीं हारी है। 2016 में ईडन गार्डन्स स्टेडियम में ही टीम ने इंग्लैंड को फाइनल हराकर दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता था।

**वर्ल्ड कप मुकाबलों में वेस्टइंडीज आगे-** भारत और वेस्टइंडीज के बीच अब तक 30 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले जा चुके हैं। इनमें भारत का पलड़ा भारी रहा। टीम इंडिया ने 19 मैच जीते, जबकि वेस्टइंडीज को 10 जीत मिलीं। एक मुकाबला बेनतीजा रहा। हालांकि, टी-20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज का रिकॉर्ड बेहतर है। दोनों टीमें वर्ल्ड कप में 4 बार भिड़ीं, 3 मैच विंडीज ने जीते और महज 1 में भारत को जीत मिली। दोनों टीमें 2016 के सेमीफाइनल में आखिरी बार भिड़ी थीं, तब वेस्टइंडीज ने 3 ही विकेट खोकर 193 रन का टारगेट हासिल कर लिया था। भारत ने कोलकाता में अब तक ही एक वर्ल्ड कप मैच खेला और उसमें जीत हासिल की। वहीं वेस्टइंडीज ने यहां 3 वर्ल्ड कप मैच खेले हैं और तीनों में जीत दर्ज की। टीम इसी वर्ल्ड कप में 2 बार कोलकाता में खेल चुकी है, जबकि टीम इंडिया टूर्नामेंट में पहली बार यहां खेलेगी।

**ईशान किशन भारत के टॉप बैटर-** ईशान किशन ने टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 6 मैचों में 186.08 के स्ट्राइक रेट से 214 रन बनाए। एक पारी में उनका बेस्ट 77 रन रहा। वहीं, गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती टीम के लिए टॉप विकेट टेकर रहे। उन्होंने 6 मैचों में 7.2 की इकोनॉमी से रन खर्च करते हुए 11 विकेट हासिल किए।

**मोती वेस्टइंडीज के लिए टॉप विकेट टेकर-** वेस्टइंडीज के लिए शिमरोन हेटमायर ने इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 6 मैचों में 182.64 के स्ट्राइक रेट से 221 रन बनाए। उनका बेस्ट स्कोर 85 रन रहा। वहीं, गुडाकेश मोती वेस्टइंडीज के लिए टॉप विकेट टेकर रहे। उन्होंने 6 मैचों में 7.75 की इकोनॉमी से 10 विकेट लिए।

**पिच रिपोर्ट और रिकॉर्ड-** ईडन गार्डन्स की पिच आमतौर पर बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है, इसलिए यहां हाई-स्कोरिंग मुकाबले की उम्मीद की जा रही है। पिच क्यूरेटर सुजान मुखर्जी ने कहा कि सौरव गांगुली पिच की तैयारी देखकर संतुष्ट नजर आए। मुखर्जी ने बताया कि यह पारंपरिक ईडन गार्डन्स का विकेट है, जहां आमतौर पर अच्छे रन बनते हैं, लेकिन स्पिनर्स को भी थोड़ी मदद मिल जाती है। शाम के मैच में ओस (ड्यू) आने की संभावना है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच सुपर-8 का मुकाबला उसी पिच पर होगा, जहां स्कॉटलैंड-इटली मैच हुआ था। स्कॉटलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 207 रन बनाए थे, जवाब में इटली 134 पर सिमट गया था। कोलकाता में 17 टी-20 इंटरनेशनल खेले गए। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 9 और टारगेट का पीछा करने वाली टीम ने 8 मैच जीते हैं। यहां का हाईएस्ट टीम स्कोर 207/4 है, जो स्कॉटलैंड ने इटली के खिलाफ बनाया था। इस वर्ल्ड कप में यहां अब तक 5 मैच खेले गए हैं। 4 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते। 1 मैच चेज करने वाली टीम ने जीता। 2 मैच दिन में और 3 रात में हुए। रात के मैचों में भी 3 में से 2 मुकाबले पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने जीते।

**कोलकाता में बारिश की संभावना नहीं-** कोलकाता में मौसम पूरी तरह साफ है। बारिश की कोई संभावना नहीं है। आज शाम कोलकाता में तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने की संभावना है।

**वेस्टइंडीज में एक बदलाव संभव-** वेस्टंडीज की टीम में एक बदलाव हो सकता है, रोस्टन चेज की जगह अकील हुसैन की एंट्री हो सकती है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ चेज ने 4 ओवर में 46 रन देकर 1 विकेट हासिल किया था।

## दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11

**भारत:** संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती।

**वेस्टइंडीज:** ब्रैंडन किंग, शाई होप (विकेटकीपर और कप्तान), शिमरोन हेटमायर, रोवमन पॉवेल, शेरफन रदरफोर्ड, रोस्टन चेज/अकील हुसैन, रोमारियो शेफर्ड, जेसन होल्डर, मैथ्यू फोर्ड, गुडाकेश मोती और शमार जोसेफ।

### शिखर धवन केस में कोर्ट का बड़ा फैसला

# पूर्व पत्नी को 5.7 करोड़ रुपए लौटाने का आदेश



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन की पूर्व पत्नी आयशा मुखर्जी को 5.7 करोड़ रुपए लौटाने होंगे। धवन ने यह पैसा आयशा को तलाक के बाद सेटलमेंट के रूप में दिया था, लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट का मानना है कि धवन की ओर से प्रॉपर्टी सेटलमेंट के रूप में दी गई यह रकम भारतीय कानून के हिसाब से सही नहीं है। लिहाजा ऑस्ट्रेलिया की फैमिली कोर्ट का फैसला भारत पर लागू नहीं होगा।

रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली की फैमिली कोर्ट के जज देवेंद्र कुमार गर्ग ने अपने आदेश में कहा है कि आयशा ऑस्ट्रेलिया की अदालत के फैसले के तहत शिखर धवन से 16.9 करोड़ रुपए की डिमांड नहीं कर सकती हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, भारतीय फैमिली लॉ एक्ट 1975 के तहत प्रॉपर्टी सेटलमेंट का नियम भारतीय मैट्रिमोनियल लॉ और हिंदू मैरेज एक्ट 1955 के साथ ही मेल खाता है। लिहाजा आयशा ने प्रॉपर्टी सेटलमेंट नियम के तहत जो 5.7 करोड़ की रकम ली है, उसे शिखर धवन को लौटाना होगा। ऑस्ट्रेलियाई कानून के तहत 60% हिस्सेदारी का आदेश ऑस्ट्रेलिया के कानून के तहत पति की सभी प्रॉपर्टी को मेराइटल पूल में माना जाता है। इसी कानून के तहत ऑस्ट्रेलिया की कोर्ट ने धवन की भारत और विदेश में स्थित सभी संपत्तियों में से 60 फीसदी हिस्सा उनकी पत्नी आयशा को देने का आदेश दिया था। ऑस्ट्रेलिया की कोर्ट ने धवन के लिए 1975 एक्ट की धारा 79 का इस्तेमाल किया था और उन्हें प्रॉपर्टी बेचकर 8.12 लाख ऑस्ट्रेलियन डॉलर देने का आदेश दिया था।












## अमेरिका के साथ व्यापार समझौता

# रूस के साथ रिश्ते पर नहीं होगा असर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि अमेरिका के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते से भारत-रूस के रक्षा संबंध प्रभावित नहीं होंगे। भारत बहु-स्रोत रक्षा खरीद और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देगा। जरूरत पड़ने पर फ्रांस, अमेरिका समेत अन्य देशों से भी रक्षा उपकरण खरीदता रहेगा, राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि अमेरिका के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते का भारत और रूस के बीच रक्षा सहयोग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अपनी सामरिक जरूरतों के आधार पर बहु-स्रोत रक्षा खरीद की नीति जारी रखेगा और साथ ही स्वदेशी रक्षा उत्पादन को और गति देगा। एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में सिंह ने कहा, अमेरिका के साथ व्यापार समझौता हमारे रूस के साथ रक्षा संबंधों में बाधा नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी परिचालन आवश्यकताओं के अनुसार रूस से खरीद जारी रखेगा और जरूरत पड़ने पर फ्रांस, अमेरिका सहित अन्य देशों से भी रक्षा उपकरण लेगा। उनके अनुसार, भारत की नीति संतुलित और व्यावहारिक है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है।

**रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूत कर रही सरकार-** सिंह ने जोर देकर कहा कि सरकार रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को और मजबूत करना चाहती है। हम स्वदेशीकरण पर दोगुना जोर देंगे। उन्होंने कहा, हाल के वर्षों में भारत ने घरेलू रक्षा उत्पादन क्षमता बढ़ाने और आयात पर निर्भरता घटाने के लिए कई पहल की हैं। उल्लेखनीय है कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के तहत दोनों देशों ने शुल्क बाधाओं को कम करने पर सहमति जताई है।

## सिम से लेकर यूपीआई पेमेंट तक बदलने वाले हैं ये नियम, आपकी जेब पर होगा असर

# 1 मार्च से क्या-क्या बदलेगा?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

1 मार्च 2026 से आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े कई महत्वपूर्ण नियम लागू होने जा रहे हैं। इन बदलावों का असर मोबाइल उपयोग, रेलवे टिकट बुकिंग, बैंक खाते और डिजिटल भुगतान जैसे क्षेत्रों पर पड़ेगा। आइए आसान भाषा में समझते हैं क्या-क्या बदल रहा हैः

हर बार की तरह इस महीने भी 1 मार्च 2026 से कई नियमों में बदलाव देखने को मिल सकते हैं। महीने की पहली तारीख अक्सर नीतिगत और प्रशासनिक परिवर्तनों के लिए अहम मानी जाती है, जिनका सीधा असर आम लोगों की दिनचर्या और जेब पर पड़ता है। आइए विस्तार से जानते हैं, किन नियमों में होने वाला है बड़ा बदलाव।

**सिम बाइंडिंग नियम लागू-** मोबाइल यूजर्स के लिए नया नियम लागू होगा जिसके तहत व्हाट्सएप और अन्य मैसेजिंग ऐप्स को उसी फोन के सक्रिय सिम से लिंक करना जरूरी होगा जिसमें एप चल रहा है। यानी जिस डिवाइस पर एप इस्तेमाल कर रहे हैं, उसमें संबंधित सिम का होना अनिवार्य होगा। साथ ही वेब या डेस्कटॉप लॉगिन के लिए छह घंटे का ऑटो लॉग-आउट नियम लागू किया जाएगा। यानी कि 6 घंटे के बाद अब से वेब या डेस्कटॉप अपने आप लॉगआउट हो जाएगा। इसका उद्देश्य फर्जी नंबरों और साइबर अपराधों पर रोक लगाना है।

**रेलवे का पुराना ऐप बंद-** 1 मार्च से रेलवे अपना पुराना वळर एप बंद कर रहा है। इसके बाद यात्री इसका इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। अनारक्षित और प्लेटफॉर्म टिकट बुक करने के लिए अब यात्रियों को नए फ्रेंड्ल्ली एप का उपयोग करना होगा। इससे यात्रियों को नई प्रणाली अपनानी होगी। शुरूआत में तकनीकी दिक्कतें आ सकती हैं, लेकिन रेलवे का कहना है कि नया सिस्टम अधिक तेज, सुरक्षित और उपयोगकर्ता-अनुकूल होगा। इस नए एप में टिकट बुक करने पर आपको काफी छूट भी मिलेगी।



### एलपीजी की कीमतों में हो सकता है बदलाव

हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडर की नई कीमतें जारी होती हैं। होली के त्योहार को देखते हुए लोगों को उम्मीद है कि इस बार कीमतों में राहत मिल सकती है, हालांकि अंतिम फैसला सरकार की घोषणा के बाद ही साफ होगा।

### न्यूनतम बैलेंस नियम में राहत

बैंकिंग से जुड़ा एक संभावित राहत भरा बदलाव भी सामने आ सकता है। कुछ सरकारी बैंक मिनिमम बैलेंस की गणना के तरीके में बदलाव कर सकते हैं। पहले किसी एक दिन बैलेंस कम होने पर पेनल्टी लग जाती थी, लेकिन अब एवरेज मंथली बैलेंस (अटइ) के आधार पर शुल्क तय किया जा सकता है। यानी पूरे महीने का औसत बैलेंस महत्वपूर्ण होगा, जिससे ग्राहकों को पेनल्टी से बचने में आसानी हो सकती है।

**यूपीआई पेमेंट में बढ़ेगी सुरक्षा-** डिजिटल भुगतान को ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए 1 मार्च से बड़े ऑनलाइन ट्रांजैक्शन पर सिर्फ यूपीआई पिन पर्याप्त नहीं होगा। बैंक उच्च राशि के लेनदेन के लिए अतिरिक्त सुरक्षा जैसे बायोमेट्रिक या मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अनिवार्य कर सकते हैं। बड़े अमाउंट के ट्रांजैक्शन पर अतिरिक्त वेरिफिकेशन लागू किया जा सकता है। यानी केवल यूपीआई पिन के बजाय बायोमेट्रिक या अतिरिक्त ऑथेंटिकेशन की जरूरत पड़ सकती है। इसका मकसद ऑनलाइन फ्रॉड को कम करना और यूजर्स की सुरक्षा बढ़ाना है।

**किराये को लेकर बदल सकते हैं नियम-** किराये के नियमों में भी बदलाव देखने को मिल सकते हैं। नए या रिन्यू होने वाले रेंट एग्रीमेंट के लिए डिजिटल रजिस्ट्रेशन को अनिवार्य किया जा सकता है। साथ ही सिक्योरिटी डिपॉजिट को अधिकतम दो महीने के किराए तक सीमित करने और मकान मालिक के प्रवेश से पहले पूर्व सूचना जैसे प्रावधानों पर जोर दिया जा रहा है, ताकि किरायेदार और मकान मालिक के बीच विवाद कम हों।

## ईरान संकट से उछला कच्चा तेल

# भारत की अर्थव्यवस्था पर मंडराया महंगाई और घाटे का खतरा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में ईरान को लेकर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों को अस्थिर कर दिया है और इसका सीधा असर भारत जैसी तेल आयात पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ने लगा है। इजरायल और अमेरिका के साथ ईरान के टकराव की स्थिति ने कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल ला दिया है। विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह संकट लंबा खिंचता है तो भारत की कंपनियों, सरकारी वित्त और आम उपभोक्ताओं पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। आंकड़ों के आधार पर समझें तो तस्वीर चिंताजनक भी है और कुछ क्षेत्रों के लिए अवसरों से भरी भी।

सबसे पहले वैश्विक आपूर्ति की जीवनरेखा कही जाने वाली होरमुज जलडमरूमध्य की भूमिका को समझना जरूरी है। यह संकरा समुद्री मार्ग प्रतिदिन लगभग 2 करोड़ बैरल तेल और एलएनजी की आपूर्ति को वैश्विक बाजार तक पहुंचाता है, जो कुल वैश्विक आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत है। यदि किसी भी कारण से यहां आंशिक अवरोध भी उत्पन्न होता है तो अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेज उछाल लगभग तय है। भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है, इसलिए वैश्विक कीमतों में हर उछाल सीधे आयात बिल को बढ़ाता है। यदि ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर प्रति बैरल या उससे ऊपर टिकता है तो चालू खाता घाटा और रुपया दोनों दबाव में आ सकते हैं। तेल विपणन कंपनियों के लिए स्थिति और भी जटिल हो जाती है। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी कंपनियों की मार्जिन संरचना वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों से उलटी दिशा में चलती है।

## प्रति व्यक्ति आय में इजाफा, राष्ट्रीय आय में भी हुई 10.2% की वृद्धि

# विदेशी निवेश में 18 फीसदी उछाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत में प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय बढ़कर 1,92,774 रुपये हुई। घरेलू बचत मजबूत होने से निवेश आधार मजबूत हुआ। एफडीआई में 18% की वृद्धि से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला। जानिए जीडीपी और निवेश के ताजा आंकड़े...

जीडीपी के नवीनतम संशोधित आंकड़ों के मुताबिक, वर्तमान मूल्यों पर प्रति व्यक्ति निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के लिए क्रमशः 1,07,910 रुपये 1,17,356 रुपये और 1,27,627 रुपये आंका गया। वर्ष 2024-25 में वर्तमान मूल्यों पर शुद्ध राष्ट्रीय आय 271.44 लाख करोड़ है। यह 2023-24 के 246.25 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 10.2% की वृद्धि दशार्ती है। जबकि 2023-24 में यह वृद्धि दर 11.6% थी।

देश में प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय वर्ष 2022-23, 2023-24 के लिए क्रमशः 1,59,557 रुपये व 1,76,465 रुपये है। जहां तक बचत की बात है, तो वर्ष 2024-25 में सकल बचत 111.13 लाख करोड़ रुपये थी। 2024-25 में सकल बचत में प्रमुख हिस्सेदारी घरेलू क्षेत्र की 62.1% तथा गैर-वित्तीय निगमों की 28.9% है। वर्ष 2024-25 में वास्तविक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में वृद्धि मुख्यतः विनिर्माण, खनन, निर्माण, वित्तीय सेवाएं तथा रियल एस्टेट, आवास स्वामित्व एवं व्यावसायिक सेवाओं में वृद्धि के कारण हुई। वर्तमान कीमतों पर सरकारी अंतिम उपभोग व्यय (जीएफसीई) का अनुमान 2024-25 के लिए 33.95 लाख करोड़ रुपये है, जबकि वर्ष 2023-24 में यह 30.74 लाख करोड़ रुपये था।



वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि में देश में 40.67 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। 2025-26 के पहले नौ महीनों में देश कुल 73.31 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेश आया, जिसमें पुनर्निवेश आय भी शामिल है। अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान सिंगापुर से सबसे ज्यादा एफडीआई आया, जबकि अमेरिका इस मामले में दूसरे स्थान पर रहा।

### वास्तविक जीडीपी 322.58 लाख करोड़ का अनुमान

वास्तविक जीडीपी या स्थिर कीमतों पर जीडीपी का स्तर वित्त वर्ष 2025-26 में 322.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी का प्रथम संशोधित अनुमान (एफआरई) 299.89 लाख करोड़ रुपये था।

### प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 18 फीसदी उछाल

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में देश में 18 फीसदी अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया।?एफडीआई प्रवाह का यह आंकड़ा बताता है कि वैश्विक बाजार में चुनौतियों और कई देशों में तनाव के बीच विदेशी निवेशकों में भारत को लेकर भरोसा कामय है। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-दिसंबर, 2025 में देश में 47.87 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी आया, जो सालाना आधार पर 18 फीसदी की वृद्धि को दशार्ता है।

## निवेशकों को ब्लॉकचेन विशेषज्ञ की अहम सलाह

# ब्लॉकचेन से बदलेगा लेन-देन का भविष्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ब्लॉकचेन-आधारित वित्तीय लेन-देन का उभार किसी अस्थायी ट्रेंड से अधिक, एक संरचनात्मक बदलाव है। तेज सेटलमेंट, सीमा-पार लेन-देन और पारदर्शी लेजर ने दुनिया भर में मूल्य के प्रवाह के तरीके को नया रूप दिया है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

वैश्विक वित्तीय प्रणाली एक शांत लेकिन निर्णायक परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। जो लेन-देन पहले कई स्तरों के मध्यस्थों, कागजी प्रक्रियाओं और संस्थागत भरोसे पर निर्भर होते थे, वे अब तेजी से कोड, एल्गोरिद्म और विकेंद्रीकृत नेटवर्क्स के माध्यम से संचालित हो रहे हैं। ब्लॉकचेन और डिजिटल एसेट्स अब सीमित या हाशिये की तकनीक नहीं रहे, बल्कि मुख्यधारा की वित्तीय चचाओं का हिस्सा बनते जा रहे हैं। इसी तेज स्वीकार्यता के बीच, ब्लॉकचेन विशेषज्ञ और वित्तीय निवेशक बृजमोहन सिंह एक संतुलित दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं जो आशावाद के साथ सावधानी को भी समान महत्व देता है।

सिंह के अनुसार, ब्लॉकचेन-आधारित वित्तीय लेन-देन का उभार किसी अस्थायी ट्रेंड से अधिक, एक संरचनात्मक बदलाव है। तेज सेटलमेंट, सीमा-पार लेन-देन और पारदर्शी लेजर ने दुनिया भर में मूल्य के प्रवाह के तरीके को नया रूप दिया है। सीमा-पार रेमिटेंस से लेकर संस्थागत स्तर की डिजिटल एसेट कस्टडी तक, वित्तीय लेन-देन की दुनिया स्पष्ट रूप से विकसित हो रही है। हालांकि, वे इस बात पर जोर देते हैं कि तकनीकी प्रगति को सुनिश्चित मुनाफे की गारंटी समझना एक बड़ी भूल हो सकती है। निवेश से पहले दो बार सोचिए, सिंह उद्योग से जुड़ी चर्चाओं में अक्सर दोहराते हैं। यह संदेश ब्लॉकचेन या क्रिप्टो का विरोध नहीं, बल्कि वित्तीय परिपक्वता की अपील है। इतिहास गवाह है कि हर बड़े वित्तीय नवाचार चाहे वह शेयर बाजार हो या डेरिवेटिव्स में शुरूआती उत्साह अक्सर समझ से पहले सट्टेबाजी को जन्म देता है। सिंह के अनुसार, ब्लॉकचेन भी इससे अलग नहीं है। वर्तमान अपनाने के चरण की एक विशेषता यह है कि अब वैश्विक व्यापारिक नेता और बड़े संस्थान इसमें सक्रिय रूप से शामिल हो रहे हैं। बड़े एसेट मैनेजर्स टोकनाइज्ड एसेट्स की संभावनाएं तलाश रहे हैं, बहुराष्ट्रीय कंपनियां ब्लॉकचेन-आधारित सप्लाई चेन पर प्रयोग कर रही हैं, और भुगतान कंपनियां तेज काम के लिए डिजिटल एसेट रेल्स को एकीकृत कर रही हैं।

## पटियाला लॉ यूनिवर्सिटी से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम हटेगा




ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटियाला

पटियाला की राजीव गांधी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी का नाम बदला जा सकता है। इसमें से राजीव गांधी का नाम हटाने का प्रस्ताव किया जा रहा है। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की अकादमिक काउंसिल ने विश्वविद्यालय के नाम से पूर्व प्रधानमंत्री का नाम हटाने का प्रस्ताव पारित किया है। यह प्रस्ताव अब मैनेजमेंट बोर्ड को भेजा जाएगा। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद अंतिम निर्णय के लिए मामला पंजाब सरकार के पास जाएगा।

विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2006 में पंजाब अधिनियम के तहत हुई थी। राज्य तब कांग्रेस की सरकार थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने विधान सभा प्रस्ताव पारित कर इसकी स्थापना की थी। अब इसका नाम बदला जाएगा। इस फैसले को लेकर विरोध और समर्थन का दौर भी शुरू हो गया है। अभी राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं।

### कांग्रेस सांसद ने किया विरोध

कांग्रेस सांसद डॉ. धर्मवीर गांधी ने प्रस्ताव पर आपत्ति जताते हुए इसे अनुचित बताया है। उनका कहना है कि संस्थानों के नाम बदलना समाधान नहीं है। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने नाम परिवर्तन की प्रक्रिया को चुनावी कदम करार देते हुए सरकार से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास जैसे मुद्दों पर ध्यान देने की बात कही है। अब मैनेजमेंट बोर्ड और राज्य सरकार के निर्णय के बाद ही विश्वविद्यालय के नाम को लेकर अंतिम स्थिति स्पष्ट होगी।

### इजराइल-ईरान जंग...एमपी के 100 से ज्यादा लोग दुबई में फंसे:

# इंदौर के पूर्व विधायक, बिजनेसमैन और बिल्डर भी शामिल; एयर इंडिया की फ्लाइट कल भी कैंसिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईरान पर इजराइल और अमेरिका की स्ट्राइक के बीच दुबई की मशहूर और दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला हुआ। हमले के बाद दुबई के सभी एयरपोर्ट्स को बंद कर दिया गया है। यहां से आने-जाने वाली सभी फ्लाइट्स अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दी गई हैं।


इजराइल-ईरान जंग का असर मध्य प्रदेश के यात्रियों पर भी पड़ा है। दुबई के शारजाह से इंदौर आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX-256 रद्द हो गई है। कल की फ्लाइट IX255 (IDR–SHJ) और IX256 (SHJ–IDR) भी कैंसिल कर दी गई हैं। इससे मध्य प्रदेश के 100 से ज्यादा यात्री दुबई और शारजाह एयरपोर्ट पर फंस गए हैं।

जानकारी के मुताबिक, शारजाह से इंदौर के लिए फ्लाइट यूएई टाइम के हिसाब से दोपहर 12:20 बजे निकलने वाली थी, लेकिन आखिरी मिनट में कैंसल कर दी गई। पैसेंजर्स को एयरपोर्ट पहुंचने पर इस बारे में पता चला। कई पैसेंजर्स पहले ही दुबई पहुंच चुके थे। शारजाह से इंदौर के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट्स तय थीं। वे भी वहीं फंसे हुए हैं।

### शादी में गए इंदौर के नेता, बिल्डर और सेठ फंसे

जानकारी के अनुसार दुबई में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए इंदौर से कई लोग गए थे। इनमें पूर्व विधायक संजय शुक्ला, विशाल पटेल, प्रवीण कक्कड़, सहारा ग्रुप के मनीष सहारा, अग्रवाल समूह के संजय अग्रवाल, सी-21 मॉल के मालिक पिंटू छाबड़ा, गोलू पाटनी सहित कई लोग शामिल हैं।

संजय शुक्ला ने बताया कि, हम सब सुरक्षित हैं। हमारे रहने की जगह पर हालात नॉर्मल हैं। सिक्योरिटी की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। फ्लाइट कैंसिल हो गई हैं, लेकिन हमारी वापसी शारजाह से होनी है। फ्लाइट को लेकर कल रविवार को स्थिति स्पष्ट होगी।



### परिवार और बच्चों के साथ फंसे यात्री

फंसे यात्रियों में इंदौर, भोपाल, ग्वालियर सहित मध्य प्रदेश के कई जिलों के लोग शामिल हैं। इनमें बड़ी संख्या में परिवार, महिलाएं और बच्चे भी हैं। कई यात्री छुट्टियां मनाने या पारिवारिक कार्यक्रमों में शामिल होने गए थे, लेकिन अब वापसी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

एक यात्री ने बताया कि वे आठ घंटे से अधिक समय से शारजाह एयरपोर्ट पर बैठे हैं, लेकिन एयरलाइन की ओर से स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही। होटल बुकिंग की अवधि खत्म हो चुकी है। खाने-पीने की भी दिक्कत हो रही है। बच्चों को संभालना मुश्किल हो गया है।

### टिकट का पूरा रिफंड या रीबुकिंग का विकल्प

एयर इंडिया एक्सप्रेस के मुताबिक इजराइल-ईरान जंग के चलते यूएई सहित मध्य पूर्व के कई देशों ने अपने एयरस्पेस में प्रतिबंध लगाए हैं। इस कारण भारतीय एयरलाइंस की कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित हुई हैं। सुरक्षा कारणों से शारजाह-इंदौर रूट की उड़ान को भी रद्द करने का निर्णय लिया गया।

एयर इंडिया एक्सप्रेस की ओर से यात्रियों को टिकट का पूरा रिफंड या बाद की तारीख में रीबुकिंग का विकल्प दिए जाने की बात कही गई है। हालांकि वैकल्पिक उड़ानों की संख्या सीमित होने के कारण यात्रियों को तत्काल राहत नहीं मिल पा रही है।

## आंध्र प्रदेश- पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 21 लोगों की मौत



आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के वेटलापलेम गांव में शनिवार को पटाखा बनाने वाली यूनिट में धमाका हो गया। हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे ब्लास्ट हुआ। धमाका इतना भीषण था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। इसके बाद ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे में घायल लोगों को अस्पताल भेजना शुरू किया।

पुलिस अधिकारी ने बताया- धमाका इतना तेज था कि लाशें पास के धान के खेतों में जाकर गिरीं। हरे-भरे धान के खेतों के बीच डरावना मंजर देखने को मिला, जब स्थानीय लोग बाराकालू, यानी खाद की बोरियों से बनी चादरों में लाशें ले जाते दिखे। पुलिस ने पास के खेतों में बिखरे शरीर के हिस्सों का पता लगाने के लिए ड्रोन तैनात किए हैं। काकीनाडा गवर्नमेंट हॉस्पिटल के सुपरिंटेंडेंट ने कहा कि हॉस्पिटल में आए घायल 90 से 100 परसेंट तक जले हुए हैं। उनका इलाज जारी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए हर मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री नेशनल रिलीफ फंड से दो लाख रुपए देने का ऐलान किया है।

### हिमाचल-उत्तराखंड में बर्फबारी और पंजाब-चंडीगढ़ में यलो अलर्ट; हरियाणा में बूंदाबांदी की संभावना

# राजस्थान-मध्यप्रदेश में पारा 33 डिग्री पार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल/लखनऊ/शिमला/देहरादून

देश के उत्तर-पश्चिम और मध्य हिस्सों में मौसम के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। राजस्थान और मध्य प्रदेश में फरवरी में ही अप्रैल जैसी गर्मी पड़ रही है और कई शहरों में तापमान 33 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है।

एमपी में सबसे गर्म खरगोन में तापमान 34.8 डिग्री पहुंच गया। हालांकि राजस्थान में शनिवार सुबह से जयपुर, दौसा सहित कई जिलों में बादल छाए हुए है। हरियाणा में भी पारा 31℃ पार कर गया है, हालांकि आज से कुछ इलाकों में बादल और हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं।

हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। पर्यटक बड़ी संख्या में अटल टनल के पास बर्फबारी देखने पहुंचे, जिससे वहां जाम लग गया। पंजाब और चंडीगढ़ में धुंध व तेज हवा के चलते कुछ इलाकों में यलो अलर्ट जारी कर सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

वहीं उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग की केदारघाटी में शनिवार दोपहर बाद बारिश हुई है। आज कई जिलों में बारिश और ऊंचाई पर बर्फबारी की संभावना है। प्रदेश के मुनस्यारी का न्यूनतम तापमान -25.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा।



## काशी में जलती चिताओं की भस्म से होली:नरमुंड-चश्मा लगाकर आए संन्यासी

जलती चिताएं, रोते-बिलखते लोग और चिता की राख से होली खेलते नागा साधु-संन्यासी। यह नजारा इस समय काशी के मणिकर्णिका घाट पर देखने को मिला। यहां शनिवार को मसाने की होली खेली गई। कोई गले में नरमुंडों की माला डाले था, तो कोई डमरू की थाप पर नाचता दिखाई दिया। घाट पर जश्न के बीच से शवयात्राएं भी गुजरती रहीं। रंग और चिता की राख में सराबोर होकर विदेशी पर्यटक भी झूमते नजर आए। शनिवार को मसाने की होली का रंगोत्सव डमरू वादन से शुरू हुआ।

### अगले 2 दिन मौसम का हाल:

2 मार्च- हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश में असम और मेघालय में तेज हवाएं चलने की संभावना।

3 मार्च- हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में बर्फबारी और मध्य प्रदेश में हल्की बारिश की संभावना।

### राज्यों के मौसम का हाल

मध्य प्रदेश: मार्च में तेजी से बढ़ेगा राज्य में तापमान, 40 सेल्ड ज्यादा जा सकता है, पहले सप्ताह में बारिश की संभावना

अबकी बार मार्च महीने में मध्य प्रदेश जमकर तपेगा। कई शहरों में तापमान 40℃ के पार पहुंच सकता है। मौसम विभाग की मानें तो मार्च के पहले सप्ताह में हल्की बारिश होने का भी अनुमान है, जबकि दूसरे सप्ताह से गर्मी असर दिखाने लगेगी। दिन के साथ रातें भी गर्म होंगी। पूरी खबर पढ़ेंह्न

**राजस्थान:** मार्च में तेज गर्मी पड़ेगी, बारिश की भी संभावना: जैसलमेर, बाड़मेर, जालोर में सबसे ज्यादा गर्मी रहेगी राजस्थान में तेज धूप पड़ने लगी है।

## महिला से रेप करके चौथी मंजिल से फेंका, मौत: आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ओडिशा में 23 साल की युवती के साथ रेप कर-के उसे चौथी मंजिल से फेंक कर मारने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा पुलिस ने इसी युवती को शादी का झांसा देकर रेप करने वाले आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। दोनों घटनाएं 22 फरवरी की हैं, 23 फरवरी को युवती का शव मिला था। शनिवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

जगतसिंहपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंकित कुमार वर्मा ने बताया कि 22 फरवरी से युवती सुबह 10 बजे घर से लापता थी। वह अपने प्रेमी के साथ भागकर शादी करने के लिए घर से निकली थी। उसके प्रेमी सोमनाथ ओझा ने शादी का झूठा वादा करके उसे मंदिर बुलाया, लेकिन बाद में एक सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ रेप किया। इसके बाद उसने युवती को राहामा बस स्टैंड पर लावारिस छोड़ दिया।

22 फरवरी को ही बस स्टैंड पर अकेली और परेशान खड़ी युवती को देख झारखंड के धनबाद में रहने वाले शुभम कुमार सिंह ने उसे मदद की पेशकश की। उसने युवती को अपनी बाइक पर बैठाया। एसपी अंकित कुमार वर्मा ने बताया कि शुभम ने उससे कहा कि वह उसे उसके घर तक पहुंचाने में मदद करेगा। वह उसे पारादीप स्थित अपने किराए के कमरे पर ले गया, जहां उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया।

## ट्रम्प का दावा- खामेनेई खत्म, इजराइल ने कहा- शव मिला

# ईरान बोला- सुप्रीम लीडर जिंदा, लेकिन बेटी-दामाद, पोती-बहू मारे गए; हमलों में अब तक 200+ मौतें

ब्रह्मास्त्र ›› तेल अवीव/तेहरान

यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई मारे गए हैं। सोशल मीडिया ट्रुथ पर एक पोस्ट में ट्रम्प ने लिखा- इतिहास के सबसे क्रूर व्यक्तियों में से एक, खामेनेई मारा गया है। यह न केवल ईरान की जनता के लिए न्याय है, बल्कि दुनिया के उन देशों के लोगों के साथ हुआ न्याय है, जिन्हें खामेनेई और उसके खूनी गिरोह ने मार डाला था।

इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर हमला किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति वॉर रूम में बैठकर पर ईरान पर हुई एयरस्ट्राइक की मॉनीटरिंग कर रहे थे।

इजराइल ने ईरान पर हमलों का कोडनेम शेर की दहाड़ (लायन रोर) रखा है। जबकि अमेरिका ने इसे ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नाम दिया है। ईरान की सेना ने जवाबी हमलों को खत्म-ए-तूफान नाम दिया है।

रॉयटर्स ने भी इजराइली अधिकारियों के हवाले से ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत का दावा किया है। बयान के मुताबिक खामेनेई का शव एयर स्ट्राइक से बचे मलबे के नीचे मिला है। हालांकि ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी फार्स ने पुष्टि की है कि ईरान के खामेनेई की बेटी, दामाद, पोती और बहू इजराइली हमलों में मारे गए हैं। इससे पहले इजराइली ढट बेंजामिन नेतन्याहू ने भी कहा था कि खामेनेई के मारे जाने के संकेत हैं। हालांकि उन्होंने इसका कोई सबूत नहीं दिया। दूसरी तरफ ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची का कहना है कि सुप्रीम लीडर जिंदा हैं। वे सुरक्षित जगह पर हैं। ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने बताया है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों में 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

### कई दिनों से सामने नहीं आए खामेनेई

86 साल के खामेनेई ईरान के कमांडर-इन-चीफ हैं। सभी पॉलिटिकल और धार्मिक मामलों में खामेनेई का ही फैसला आखिरी होता है। ईरान की पैरामिलिट्री रिवोल्यूशनरी गार्ड, जो इस्लामिक रिपब्लिक की सुरक्षा करती है, सीधे उनके सामने जवाब देती है।

1989 में, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के फाउंडर रूहोल्लाह खुमैनी की मौत के बाद खामेनेई ईरान के सुप्रीम लीडर बने। 1979 की क्रांति में शाह मोहम्मद रजा पहलवी को हटाने वाले मूवमेंट में खामेनेई का अहम रोल था।

शनिवार को हुए हमलों में से एक खामेनेई के ऑफिस के पास हुआ था। हालांकि यह तुरंत साफ नहीं हो पाया कि उस समय खामेनेई कहां थे, उन्हें कई दिनों से नहीं देखा गया है।

### ईरानी स्कूल पर हमले में 85 छात्राओं की मौत

ईरान के एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 85 छात्राओं की मौत हो गई, जबकि 45 घायल हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि इजराइली हमले मे ईरानी रक्षामंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर मोहम्मद पाकपोर की मौत हो गई। इजराइल ने अमेरिका के साथ मिलकर ईरान के 10 शहरों पर एयरस्ट्राइक की है। हमले के बाद ट्रम्प ने वीडियो जारी कर कहा कि ईरान पर यह हमला अमेरिकी नागरिकों की रक्षा के लिए किया गया है।



## अमेरिका और इजराइल का जॉइंट मिलिट्री एक्शन

इजराइल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम 'लियोनस रोर' (शेर की दहाड़) रखा है। ये हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में ईरान पर हमले की धमकी दी थी। ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिकी सेना ईरान की मिसाइलों को तबाह करने और उसके मिसाइल प्रोग्राम को खत्म करने की कोशिश कर रही है।

ईरान और अमेरिका के बीच चल रही परमाणु समझौते की बातचीत में बैलिस्टिक मिसाइल प्रोजेक्ट सबसे बड़ा विवाद का मुद्दा बन गया है। ईरान इस पर बिल्कुल भी समझौता करने को तैयार नहीं है और इसे अपनी रेड लाइन मानता है। ईरान का कहना है कि यह उसके बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम रक्षा के लिए जरूरी है। ईरान का कहना है कि जून 2025 में इजराइल और अमेरिका ने ईरान के परमाणु साइटों पर हमला किया, तब ईरान की मिसाइलों ने ही उसकी रक्षा की।



### ईरान का बहरीन पर फिर मिसाइल अटैक, डिफेंस सिस्टम ने रोका

बहरीन नेशनल कम्युनिकेशन सेंटर के मुताबिक, बहरीन के एयर डिफेंस सिस्टम ने रविवार सुबह ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों की एक नई लहर को इंटरसेप्ट किया।



यह भी बताया गया कि राजधानी मनामा और मुहर्रक शहर की इमारतों को ड्रोन और मिसाइल के मलबे से निशाना बनाया गया था, हालांकि इसके लिए जिम्मेदार का नाम नहीं बताया गया।

### इजराइल एयरफोर्स का दावा- डिफेंस पूरी तरह सुरक्षित नहीं, निर्देशों का पालन करें

ईरान से इजराइल के इलाके की ओर लॉन्च की गई मिसाइलों का पता चलने के बाद देश भर के कई इलाकों में अलर्ट एक्टिवेट कर दिए गए हैं। इजराइल की वायुसेना ने लोगों से रिक्वेस्ट की है कि वे होम फ्रंट कमांड के निर्देशों का पालन करें।

सेना ने  पोस्ट में कहा- इस समय, एयरफोर्स खतरे को दूर करने के लिए जहां भी जरूरी हो, इंटरसेप्ट करने और स्ट्राइक करने के लिए काम कर रही है। डिफेंस पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है, और इसलिए होम फ्रंट कमांड के निर्देशों का पालन करते रहना जरूरी है।

### इजराइल एयरफोर्स बोली- ईरान के 7 अधिकारी खत्म

इजराइली एयरफोर्स ने ट्वीट किया के फाइटर जेट्स ने ईरान में मिलिट्री टारगेट पर सटीक हमला किया, जिसमें ईरानी डिफेंस लीडरशिप के 7 सीनियर अधिकारी मारे गए। इनके नाम अली शमखानी, मोहम्मद पाकपुर, सालेह असादी, मोहम्मद शिराजी, अजीज नसीरजादेह, हुसैन जबल अमेलियन, रेजा मोजाफरी-निया। उनके बिना दुनिया एक बेहतर जगह है।

# ईरान ने पुष्टि की- इजराइली हमलों में खामेनेई की बेटी-दामाद, पोता और बहू की मौत

ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी फार्स ने कन्फर्म किया है कि ईरान के सुप्रीम लीडर के परिवार के कई सदस्य मारे गए हैं। इनमें उनकी बेटी, दामाद, पोता और बहू शामिल हैं।

खामेनेई की मौत के बाद रेजा पहलवी ने ईरानियों से एकजुट होने की अपील की देश से निकाले गए क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी ने शनिवार को ईरानियों से एकजुट होने और सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत के बाद ₹एक आजाद और खुशहाल भविष्य के लिए एक स्थिर बदलाव₹ का समर्थन करने की अपील की। ??उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से उत्तराधिकारी नियुक्त करने की कोई भी कोशिश नाकाम होगी।

पर एक पोस्ट में पहलवी ने लिखा, ₹मेरे साथी देशवासियों, अली खामेनेई, हमारे समय के खून के प्यासे तानाशाह, ईरान के हजारों



सबसे बहादुर बेटों और बेटियों के कातिल, इतिहास से मिट गए हैं। उनकी मौत के साथ, इस्लामिक रिपब्लिक असल में अपने अंत पर पहुंच गया है और बहुत जल्द इतिहास के कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा।

### कतर के दोहा में मिसाइल अटैक, डिफेंस ने इंटरसेप्ट किया

अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक वर-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, कतर के एयर डिफेंस ने रविवार सुबह दोहा के ऊपर एक और मिसाइल को इंटरसेप्ट किया। कतर ने पहले कहा था कि वर के अल-उदैद मिलिट्री बेस को टारगेट करके किए गए ईरानी हमले के दौरान 65 बैलिस्टिक मिसाइलों और 12 अनमैन्ड एरियल व्हीकल को इंटरसेप्ट किया गया, जिसमें आठ लोग घायल हो गए।

### चीफ गुटेरेस की अपील- मिडिल ईस्ट में जंग तुरंत रोकें

यूनाइटेड नेशंस के सेक्रेटरी-जनरल एंटोनियो गुटेरेस ने मिडिल ईस्ट में दुश्मनी तुरंत रोकने और तनाव कम करने की अपील की, और दुनिया के नेताओं से ₹जिम्मेदारी से काम करने₹ की अपील की है। मिडिल ईस्ट के हालात पर बात करने के लिए इमरजेंसी मीटिंग के दौरान, गुटेरेस ने कहा, ₹आइए हम मिलकर इस इलाके और हमारी दुनिया को मुश्किल से बाहर निकालें। मिलिट्री एक्शन से ऐसी घटनाओं की एक सीरीज शुरू होने का खतरा है जिसे दुनिया के सबसे अस्थिर इलाके में कोई भी कंट्रोल नहीं कर सकता। अबू धाबी के जायद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ईरान का मिसाइल अटैक। हमले में 1 की मौत, करीब 7 लोग घायल हुए हैं।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## वर्ग पहेली



### बाएं से दाएं

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

### ऊपर से नीचे

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बखन, स्वीच-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | र | हु | म | त | ■ | म | ■ | ■ |
| ■ | ह | ■ | द | ■ | थ | न | प | ट |
| स | ब | ल | ■ | की | त | न | ■ | क |
| ■ | र | की | म | ■ | या | ■ | ना | त |
| स | ■ | र | ज | त | व | ट | ■ | व |
| र | फि | ■ | स | ■ | न | हू | र | ■ |
| ह | ■ | म | ज | क | ■ | मी | या | ला |
| द | फ | ना | न | ■ | स्य | ■ | व | ■ |
| ■ | ■ | ही | ■ | ग | फ | ल | त | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | 1 | | 8 | | 5 | = | 23 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 35 | | 8 | | 25 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 35 | | 60 | | 49 | | 25 | = | 21 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 48 | | 30 | | 40 | = | 26 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 27 | | 47 | | 45 | | 45 | = | 3 / 74 |

### संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | हु | मे | रि | सो | म | बा | थ | च | ट | र्जी |
| णे | ख़ु | कु | प | ई | जी | ने | शि | या | ड़ | नी |
| श | पी | जा | म | र | ग | वा | द | ह | प | ल |
| मा | ज | ए | पा | सिं | दू | रा | ल | ह | लि | म |
| व | र | अ | सं | ब | ह | ला | कि | यो | प | सं |
| ल | ड़ | थि | मो | ग | प | वा | शी | ह | जी | जी |
| न | जी | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | व |
| क | रि | भा | र | य | र | स | रा | ल | वि | रे |
| र | या | या | तैं | ह | न | ज | की | शा | जू | ड्डी |
| र | ज | ल | नो | शि | व | रा | ज | पा | टि | ल |
| यां | स | म | प | ब | लि | रा | म | भ | ग | त |

शब्दजाल में निर्वाचित 10 लोकसभा अध्यक्षों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.

----------------

गणेश मावलनकर, हुकूम सिंह, नीलम संजीव रेड्डी, बलिराम भगत, रबी राय, पी.ए. संगमा, शिवराज पाटिल, जी. बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | |
| | 2 | | 6 | | 7 | |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| | 2 | 6 | 3 | | 1 | |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | | 4 | | 5 | 2 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पति-पत्नी चोरी के बारे में बात कर रहे थे...
पति - जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है...?
पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत पछताता है...!

000000000

कभी भी अकेलेपन का अहसास सताए, तो घर की सभी लाइट्स बंद करके भूत वाली मूवी देखो...
कसम से कभी अकेलापन महसूस नहीं होगा, हर वक्त लगेगा कि कोई पीछे खड़ा है...!

000000000

पत्नी (पति से) - कहां जा रहे हो...?
पति - मरने जा रहा हूं...!
पत्नी - साथ में थैली लेकर जाना...
पति - वो किसलिए...?
पत्नी - अगर इरादा बदल जाए, तो आते समय कुछ सब्जियां लेते आना...!

000000000

एक बार क्लास में मैडम ने बच्चों से एक सवाल पूछा...
मैडम - तुम सब में से सबसे बहादुर कौन है बच्चों...?
मैडम - अच्छा बताओ, अगर तुम्हारे स्कूल के सामने कोई बम रख दे, तो तुम क्या करोगे...?
मैडम का सवाल सुन पप्पू ने हाथ उठाया और बोला
पप्पू - मैडम जी एक, दो मिनट देखेंगे अगर कोई ले जाता है तो ठीक है, नहीं तो स्टाफरूम में रख देंगे...!


## रंग भरकर चित्र बनाओ



# इजराइल-ईरान जंग; दुबई में बुर्ज खलीफा के पास हमलाः एयरपोर्ट बंद

इजराइल-ईरान जंग के बीच मिडिल ईस्ट में हालात तेजी से बिगड़ गए हैं, जिसका असर दुबई से लेकर भारत तक दिखाई दे रहा है। दुबई की मशहूर इमारत बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला हुआ। एहतियातन बुर्ज खलीफा को खाली करा दिया गया और उसकी लाइट्स बंद कर दी गईं। हमले के बाद दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट और अल मकतूम एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन अगले आदेश तक रोक दिया गया। कई देशों ने अपना एयरस्पेस अस्थायी रूप से बंद कर दिया, जिससे दुनियाभर की फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। एयर इंडिया ने घोषणा की है कि 1 मार्च को लंदन, टोरंटो, फ्रैंकफर्ट, पेरिस और शिकागो के लिए उसकी सभी निर्धारित उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। एयरलाइंस को 11 देशों के एयरस्पेस से बचने की सलाह दी है। यात्रियों को एयरपोर्ट न जाने और अपनी एयरलाइंस से ताजा जानकारी लेने की सलाह दी गई है।

# एअर इंडिया की लंदन, टोरंटो, पेरिस, शिकागो उड़ानें रद्द, दुनियाभर की फ्लाइट्स पर असर



# कतर में सभी सार्वजनिक कार्यक्रम अनिश्चितकाल के लिए स्थगित


दोहा के आसमान में लगातार धमाकों की आवाजें सुनाई देने के बीच कतर सरकार ने सभी सार्वजनिक कार्यक्रम अगली सूचना तक रद्द कर दिए हैं। घोषणा के मुताबिक होटल और पर्यटन स्थलों पर होने वाले सभी कार्यक्रम, सभाएं और मनोरंजन गतिविधियां फिलहाल रोक दी गई हैं। इसके अलावा रमजान के दौरान आयोजित होने वाले सभी रमजान टेंट और इफ्तार कार्यक्रम भी स्थगित कर दिए गए हैं। आमतौर पर ये कार्यक्रम कंपनियां, सरकारी संस्थाएं और होटल जनता के लिए आयोजित करते हैं। अधिकारियों ने कहा है कि हालात सामान्य होने तक ये पाबंदियां लागू रहेंगी। इजराइल स्थित भारतीय दूतावास ने कहा है कि वह वहां फंसे सभी भारतीय नागरिकों के संपर्क में है। दूतावास ने फिर से एडवाइजरी जारी की है। दूतावास के मुताबिक हालात अनुकूल होते ही भारतीयों को मिस्र या जॉर्डन के रास्ते बाहर निकाला जाएगा। जो भी रास्ता ज्यादा सुरक्षित होगा, उसी के जरिए निकासी की योजना बनाई जाएगी। फिलहाल सड़क मार्ग से यात्रा करना सुरक्षित नहीं है। इसलिए सभी भारतीयों को सलाह दी गई है कि वे दूतावास की एडवाइजरी और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

# इजराइल-अमेरिका ने ईरान के 10 बड़े शहरों पर हमले किए

शनिवार सुबह भारतीय समयानुसार 11:30 बजे इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर साझा हवाई हमला लॉन्च किया।



एक हमला ईरान के सुप्रीम लीडर **आयतुल्लाह अली खामेनेई** के दफ्तर के पास हुआ, जिसके बाद उन्हें सुरक्षित जगह पहुंचाया गया है।



मैप प्रतीकात्मक है

## तुर्की ने इजराइल-अमेरिका हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई की निंदा

तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एदोर्गान ने शनिवार को कहा कि वह इजराइल-अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमलों से ह्लगहराई से चिंतितह्व हैं। साथ ही उन्होंने खाड़ी देशों पर ईरान के ड्रोन और मिसाइल हमलों की भी निंदा की और संघर्ष खत्म करने के लिए कार्रवाई की मांग की। टीवी संबोधन में एदोर्गान ने कहा- हम अपने पड़ोसी ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमलों से गहराई से व्यथित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खाड़ी देशों पर ईरान के हमले ह्लकिसी भी कारण से स्वीकार्य नहीं हैं। एदोर्गान ने अपील की कि क्षेत्र में और ज्यादा नुकसान रोकने के लिए सभी पक्ष, खासकर इस्लामी देश, सक्रिय कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि तुर्की ने लंबे समय तक बातचीत के जरिए विवाद सुलझाने की कोशिश की, लेकिन पक्षों के बीच भरोसे की कमी दूर नहीं हो सकी। उन्होंने वादा किया कि तुर्की युद्धविराम और बातचीत शुरू कराने के लिए अपने कूटनीतिक प्रयास तेज करेगा।

# पैसेंजर्स के लिए एडवाइजरी जारी

दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट और अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन पर अगले नोटिस तक रोक दिए गए हैं। पैसेंजर्स को सलाह दी गई है कि वे एयरपोर्ट न जाएं और लेटेस्ट फ्लाइट शेड्यूल अपडेट के लिए सीधे अपनी एयरलाइंस से पता करें।

कतर, बहरीन और कुवैत ने कुछ समय के लिए अपने एयरस्पेस को बंद कर दिया था, जिससे एयरलाइंस को सावधानी के तौर पर सर्विस कैंसिल, रीरूट या सस्पेंड करनी एअर इंडिया ने कहा कि हम अपने फ्लाइट ऑपरेशन के लिए सुरक्षा माहौल का आकलन करते रहेंगे और जरूरत के हिसाब से ऑपरेशन को पहले से एडजस्ट करेंगे। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के मुताबिक, बोइंग 777 एयरक्राफ्ट से ऑपरेट की गई यह फ्लाइट पांच घंटे से ज्यादा समय तक हवा में रही और एयरलाइन ने सऊदी अरब के एयरस्पेस में आने पर वापस लौटने का फैसला किया।

एयर इंडिया ने भी इस अचानक हुई स्थिति की वजह से यात्रियों को हुई परेशानी के लिए खेद जताया। इस बीच, इंडिगो ने कहा कि वह ईरान और उसके एयरस्पेस से जुड़े रीजनल अपडेट्स पर करीब से नजर रख रहा है।



इजराइल और अमेरिका ने शनिवार को ईरान पर हमला किया। इस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि खामेनेई की मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि ईरान पर अमेरिका और इजराइल ने मिलकर हमला किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इसे अपने नागरिकों की रक्षा के लिए उठाया कदम बताया है। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई में इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के 9 देशों पर हमला किया। इनमें खासतौर दुबई में पाम होटल एंड रिसॉर्ट और बुर्ज खलीफा के पास हमला किया गया। इसके अलावा ईरान ने बहरीन में अमेरिकी बेस और रिहायशी इमारतों पर ड्रोन दागे।

बहरीन के गृह मंत्रालय ने बताया है कि सिविल डिफेंस की टीमें मनामा और मुहर्रक में तीन इमारतों को हुए नुकसान से निपट रही हैं। यह नुकसान ड्रोन हमलों और इंटरसेप्ट की गई मिसाइल के मलबे के गिरने से हुआ।

■ वर्ष-12 अंक-118 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 01 मार्च, 2026

## सुभाषितानि

**आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः।**
**नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वा यं नावसीदति।।**

**भावार्थ** : आलस्य मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है और परिश्रम मनुष्य का सबसे बड़ा मित्र है। मेहनती दोस्त कभी दुखी नहीं हो सकता।

**न कश्चित कस्यचित मित्रम्, न कश्चित कस्यचितरिपुरू।**
**व्यवहारेण जायंते, मित्राणि रिप्वस्तथा।।**

**भावार्थ** : संसार में कोई किसी का मित्र नहीं है और कोई शत्रु नहीं है। लेकिन व्यवहार से ही दोस्त और दुश्मन बनते हैं।

## सम्पादकीयम्

### विमानयाने अत्यन्तं गम्भीरपरिस्थितौ

खतरनाकाः परिस्थितयः डीजीसीए इत्यस्य अनुसारं चालकदलः मेडे-कॉलं न जारीकृतवान्। विमानयाने अत्यन्तं गम्भीरपरिस्थितौ मेडे इति चेतावनी। यदि अन्तिमे क्षणे स्थितिः पूर्णतया नियन्त्रणे नासीत् तर्हि मेडे-आह्वानं किमर्थं न निर्गतम्? अन्यत् चिन्ता उड्डयनस्य स्थितिविषये अस्ति। बारामतीयां यातायातसेवाः सूचनाः च उड्डयनप्रशिक्षणसंस्थाभिः प्रदत्ताः सन्ति, न तु भारतस्य विमानस्थानकप्राधिकरणेन। एतादृशाः विमानक्षेत्राणि अनियंत्रितानि इति उच्यन्ते, सामान्यतया सीमितसुविधाः च सन्ति। अतः यदा दृश्यता दुर्बलं भवति स्म, धावनमार्गः च द्विवारं न दृश्यते स्म तदा अवरोहणस्य जोखिमाः उपेक्षिताः वा? अपूर्ण अन्वेषण। अजीतपवारः यस्मिन् विमाने आसीत् तत् वीएसआर वेञ्चस् इत्यस्य अस्ति। २०२३ तमस्य वर्षस्य सेप्टेम्बरमासे अस्यैव कम्पनीयाः विमानं मुम्बई-विमानस्थानके दुर्घटितम्। सौभाग्यम् आसीत् यत् कोऽपि न हतः। परन्तु तस्य दुर्घटनायाः अन्तिम-अनुसन्धान-प्रतिवेदनं अद्यापि सार्वजनिकं न कृतम्, यद्यपि अधिकांशं आवश्यकं कार्यं कृतम् अस्ति। एतादृशेषु सन्दर्भेषु विलम्बः अन्यस्य दुर्घटनायाः निवारणाय समयस्य हानिः इति अर्थः। प्रत्येकं दुर्घटना पाठः एव। कम्पनीयाः विमानद्वयं भिन्नं भवति, एकः दुर्घटना अन्येन सह सम्बद्धः न भवितुम् अर्हति। अत्र अभिप्रायः कस्यचित् दोषं न दातव्यम्। परन्तु अस्मिन् क्षेत्रे प्रत्येकं दुर्घटना पाठः, यस्मात् शिक्षितुं शक्यते।

**विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् साइबरप्रतिबन्धाः केवलं दण्डात्मकाः उपायाः**

# आपराधिकक्रियाकलापाः सीमापारं रक्षिताः न भविष्यन्ति इति स्पष्टसन्देशमपि प्रेषयति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अपितु राष्ट्रियप्रतिस्पर्धायाः सामरिकलाभस्य च क्षतिं करोति। विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् साइबरप्रतिबन्धाः केवलं दण्डात्मकाः उपायाः एव न अपितु अङ्कीयक्षेत्रे कृताः आपराधिकक्रियाकलापाः सीमापारं रक्षिताः न भविष्यन्ति इति स्पष्टसन्देशमपि प्रेषयति। प्रतिबन्धाः तत्र सम्बद्धानां व्यक्तिनां कम्पनीनां च अमेरिकीसम्पत्त्याः निरोधं कुर्वन्ति तथा च अमेरिकीनागरिकाः तेषां सह किमपि व्यापारिकव्यवहारं कर्तुं न शक्नुवन्ति। एतेन अन्तर्राष्ट्रीयवित्तीयव्यवस्थायां तेषां प्रवेशः वस्तुतः समाप्तः भवति।

अद्यतनजगति साइबरयुद्धं पारम्परिकयुद्धात् न्यूनं भयङ्करं न मन्यते। देशस्य विद्युत्जालस्य, बैंकजालस्य, रक्षाव्यवस्थायाः, स्वास्थ्यदत्तांशस्य वा उपरि आक्रमणं निमेषमात्रेण विशालं आर्थिकसामाजिकसंकटं जनयितुं शक्नोति। एतादृशे परिस्थितौ बहवः देशाः साइबरप्रतिबन्धं स्वस्य सुरक्षारणनीत्याः प्रमुखं भागं कुर्वन्ति। अमेरिकायाः एतत् कदमः अङ्कीय-आक्रमणानां स्रोतः प्राप्तुं, आर्थिक-कानूनी-दृष्ट्या च तान् नियन्त्रयितुं व्यापक-रणनीत्याः अपि भागः इति मन्यते।

भारतं साइबरसुरक्षामोर्चे अपि निरन्तरं सक्रियः अस्ति। अन्तिमेषु वर्षेषु केन्द्रसर्वकारेण आँकडागोपनीयतां, राष्ट्रियसार्वभौमत्वं, नागरिकानां सुरक्षा च मनसि कृत्वा अनेके एप्स्, डिजिटलप्लेटफॉर्म्स च प्रतिबन्धः कृतः २०२० तमे वर्षे चीनदेशस्य ५९ एप्स् प्रतिबन्धः अस्याः दिशि प्रमुखं सोपानम् आसीत्। देशस्य अखण्डतायाः सुरक्षायाः वा कृते खतरा उत्पद्यते इति कस्यापि डिजिटलसेवायाः विरुद्धं कार्यवाही भविष्यति इति सर्वकारेण स्पष्टतया उक्तम्।

आधिकारिकतथ्यानुसारं अद्यावधि ३९.४३ लक्षाधिकाः संदिग्धाः मोबाईल-संयोजनानि अक्षमानि अभवन्। तदतिरिक्तं साइबर-धोखाधड़ीयां वा आँकडा-चोरी-कृते वा उपयुज्यमानाः इति कथितस्य कारणेन २.२७ लक्षाधिकानि हस्तसेट्-पत्राणि कालासूचीकृतानि सन्ति। एषा क्रिया दर्शयति यत् साइबरअपराधः केवलं आभासीजगतः समस्या नास्ति, अपितु साधारणनागरिकाणां जेबं व्यक्तिगतजीवनं च प्रत्यक्षतया प्रभावितं करोति। साइबर-प्रतिबन्धस्य उद्देश्यं केवलं एप्स्-निष्कासनं वा खातानां अवरोधनं वा न भवति, अपितु राष्ट्रस्य सार्वभौमत्वं, तस्य नागरिकानां गोपनीयतां च रक्षति इति व्यापकं सुरक्षातन्त्रं निमातुं भवति अङ्कीयमञ्चानां माध्यमेन गुप्तचर्यायाः, धोखाधड़ीयाः, वित्तीयजालस्य च प्रकरणाः तीव्रगत्या वर्धिताः इति विशेषज्ञाः दर्शयन्ति। फलतः यदि समये कठोरपरिहाराः न क्रियन्ते तर्हि कस्यापि देशस्य महती आर्थिकहानिः भवितुम् अर्हति।

**नियामकेन स्पष्टता**

## उक्तं यत् यात्रा-एजेण्ट्-जनाः विमानसेवानां अधिकृतप्रतिनिधिः सन्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

नियामकेन स्पष्टतया उक्तं यत् यात्रा-एजेण्ट्-जनाः विमानसेवानां अधिकृतप्रतिनिधिः सन्ति, यात्रिकाणां धनवापसीं प्राप्तुं परितः न धावितव्यम् इति। विमानसेवाभिः अवश्यमेव सुनिश्चितं करणीयम् यत धनवापसी १४ कार्यदिनेषु यात्रिकलेखेषु जमा भवति। एषः निर्णयः तस्मिन् समये आगतः यदा अन्तिमेषु मासेषु धनवापसीविलम्बसम्बद्धाः शिकायतां महतीं वृद्धिः अभवत्। २०२५ तमस्य वर्षस्य डिसेम्बरमासे एकस्याः प्रमुखायाः विमानसेवायाः विमानविघटनस्य घटनायाः अनन्तरं बहूनां यात्रिकाः समये एव धनवापसीं प्राप्तुं असमर्थाः अभवन्। तस्मिन् समये नागरिकविमानमन्त्रालयेन सम्बन्धितविमानसेवायाः निर्देशः दत्तः यत् सः निर्धारितसमयान्तरे लम्बितप्रतिदानस्य निपटनं करोतु। अस्याः पृष्ठभूमितः अधुना डीजीसीए-संस्थायाः नियमानाम् व्यापकरूपेण संशोधनं कृत्वा स्पष्टानि समयसीमाः निर्धारिताः सन्ति।

नूतनप्रावधानेषु चिकित्सा आपत्काले टिकटरद्दीकरणसम्बद्धेषु नियमेषु परिवर्तनमपि अन्तर्भवति। यदि कस्यचित् यात्रिकस्य चिकित्साकारणात् स्वयात्रा रद्दं कर्तव्यं भवति तर्हि विमानसेवा संवेदनशीलतया नियामकमार्गदर्शिकानुसारं च धनवापसीं प्रक्रियां कर्तुं बाध्यं भविष्यति। एतेन गम्भीरपरिस्थितौ अटन्तः यात्रिकाः राहतं प्राप्नुयुः इति अपेक्षा अस्ति। विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् एतत् कदमः विमानन-उद्योगस्य ग्राहक-केन्द्रित-पद्धतिं सुदृढां करिष्यति पूर्वं विमानसेवायाः यात्रासंस्थायाः च उत्तरदायित्वस्य अभावात् यात्रिकाः प्रायः कष्टानां सामनां कुर्वन्ति स्म। बहुषु सन्दर्भेषु एजेण्टः उत्तरदायित्वं विमानसेवायाः, विमानसेवायाः च एजेण्टस्य हस्ते स्थानान्तरयति स्म।

## राजनीति-मध्ये एतादृशाः लघु-क्षणाः महत्त्वपूर्णाः सन्ति इति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वायनाड

सः अवदत् यत् कुटुम्बस्य अन्तः लघु-लघु-वातार्लापाः एव सम्बन्धान् जीवन्ति, राजनीति-मध्ये एतादृशाः लघु-क्षणाः महत्त्वपूर्णाः सन्ति इति। राहुलगान्धिः साझां कृतवान् यत सः प्रियङ्कागान्धी च अद्यैव एकस्य विषये चर्चां कृतवन्तौ, यस्मिन् काले तस्य भगिनी तस्मै किञ्चित् सल्लाहं दत्तवती। सः हास्यरूपेण प्रतिक्रियाम् अददात्, येन आयोजने उपस्थितानां दलकार्यकर्तृणां समर्थकानां च हास्यं जातम्। परन्तु प्रियङ्का सर्वदा तं सम्यक दिशि मार्गदर्शनं कर्तुं प्रयतते इति अपि सः स्पष्टीकरोति स्म, तयोः मध्ये दृढं पारिवारिकं बन्धनं वर्तते इति। वायनाडस्य जनानां सह स्वस्य सम्बन्धस्य उपरि बलं दत्त्वा राहुलगान्धी अवदत् यत् एषः प्रदेशः केवलं तस्य कृते संसदीयः निर्वाचनक्षेत्रः एव नास्ति, अपितु परिवारवत् अस्ति। सः अवदत् यत् यदा यदा अत्र आगच्छति।

## राशिफल

**मेष** : फालतू खर्च से बचो। घर में किसी की बात बुरी लग सकती है, बात को दिल पर मत लो।

**वृषभ** : पैसों को लेकर थोड़ी टेंशन रहेगी, लेकिन दिन के आखिर तक बात संभल जाएगी। खाने-पीने में लापरवाही मत करो।

**मिथुन** : फोन, मैसेज या कॉल से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। खर्च सोच-समझकर करना ठीक रहेगा।

**कर्क** : पैसों को लेकर कोई छोटा फैसला लेना पड़ सकता है। घर का माहौल ठीक रहेगा अगर आप शांत रहोगे।

**सिंह** : पैसों के मामले में थोड़ा संभलकर चलो, उधार या बेकार की खरीदारी से बचो। शरीर में एनर्जी रहेगी।

**कन्या** : सेहत में घुटनों या पैरों में दर्द हो सकता है,। शांतिपूर्ण तरीके से बोलना आपके सोचने के तरीके को ताजा करता है।

**तुला** : पैसों को लेकर प्लान बनाना फायदेमंद रहेगा। सेहत में कमर या पैरों में हल्का दर्द हो सकता है।

**वृश्चिक** : दोस्तों से बातचीत से मन हल्का होगा। सेहत में नींद पूरी न होने से सिर भारी लग सकता है।

**धनु** : किसी दोस्त से मिलना या बात करना अच्छा फील देगा। बस ज्यादा देर तक मोबाइल देखने से आंखों में दर्द हो सकता है।

**मकर** : घर में किसी से खुलकर बात करोगे तो मन हल्का होगा। सेहत में थकान या बॉडी पेन हो सकता है, आराम जरूरी है।

**कुंभ** : कोई नया मौका दिख सकता है। सेहत में हल्की थकान के अलावा कुछ खास दिक्कत नहीं दिखती।


**मीन** : जब आप किसी को जिदगी की जिम्मेदारी खुद लेने देते हैं, तो इससे दोनों के बीच जुड़ाव बढ़ जाता है।

## ज्योतिष/वास्तु

# 3 मार्च को लगेगा चंद्र ग्रहण, कन्या सहित इन राशि वालों के जीवन में आएगा बड़ा बदलाव

इस वर्ष होली पर चंद्र ग्रहण लग रहा है। यह भारत में पूर्ण रूप से नजर आने वाला है और इसका प्रभाव कुछ राशियों के लिए चुनौतियों से भरा हो सकता है।

इस वर्ष होलिका दहन के दिन एक विशेष खगोलीय घटना घटित होने जा रही है। बता दें, 3 मार्च 2026 को दोपहर 3 बजकर 20 मिनट से शाम 6 बजकर 47 मिनट तक पूर्ण चंद्र ग्रहण लगने वाला है। यह ग्रहण एशिया, ऑस्ट्रेलिया, उत्तरी व दक्षिणी अमेरिका तथा पैसिफिक द्वीपों में नजर आएगा। इसके अलावा इसका प्रभाव भारत पर भी बना रहेगा, जिस कारण सूतक काल भी मान्य होगा। ज्योतिष शास्त्र में चंद्र ग्रहण को मानसिक स्थिति, भावनाओं और पारिवारिक जीवन से जोड़कर देखा जाता है। ऐसे में यह ग्रहण 12 राशियों पर अपना शुभ-अशुभ असर डाल सकता है। लेकिन इन 3 राशियों के लिए



यह समय थोड़ी सावधानी और आत्मसंयम से भरा रहेगा। इस दौरान जीवन में कई नई चुनौतियां झेलनी पड़ सकती हैं। ऐसे में आइए इन राशियों को जान लेते हैं।

**वृषभ राशि-** ज्योतिषियों के मुताबिक, वृषभ राशि वालों को विशेष तौर पर सावधानी बरतने की आवश्यकता रहने वाली है। चंद्र ग्रहण का प्रभाव आपके धैर्य और निर्णय क्षमता की परीक्षा ले सकता है। इस दौरान भूलकर भी पूजा-पाठ व धार्मिक यात्रा न करें। इससे जीवन में नकारात्मकता बढ़ सकती हैं। आप अपनी ओर से हर समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे, जिनमें धैर्य की सहातयता से ही वह पूर्ण होंगे। लेकिन परिस्थितियां तुरंत अनुकूल नहीं होंगी। कार्यक्षेत्र में रुकावटें या योजनाओं में देरी संभव है।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों को नए काम से बचना चाहिए। आपको कार्यस्थल पर विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। सीनियर या उच्च अधिकारियों के साथ व्यवहार संतुलित और विनम्र रखें। इस समय आप सेहत के मामले में लापरवाही बिल्कुल न करें। छात्रों का मन पढ़ाई से उचट सकता है। छोटी समस्या भी आगे चलकर बड़ी बन सकती है। आप अपनी वाणी पर संयम बरतें अन्यथा आप बड़े वाद-विवाद में फंस सकते हैं।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि वालों के लिए समय कष्टकारी रहने वाला है। कामकाज के सिलसिले में अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। इस समय कुंभ राशि वालों की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। पारिवारिक जीवन में संतुलन बनाए रखने की कोशिश करें। आपको अपने स्वास्थ्य की ओर ध्यान रखना चाहिए। इस समय आपको आर्थिक मामलों में सोच-समझकर कदम उठाना होगा। रिश्ते-नाते को बेहतर बनाए रखने के लिए स्वजनों के साथ संवाद बनाए। गलत संगति भविष्य में परेशानी खड़ी कर सकती है।

## खबर एक नजर...

### आज पुलिस देगी मोबाइल धारकों को होली का उपहार

**उज्जैन।** होली-रंगपंचमी से पहले पुलिस एक बार फिर गुम मोबाइल लौटाने के अभियान में मोबाइल धारकों के चेहरे पर मुस्कान लौटने जा रही है। आज दोपहर 12 बजे एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा 406 मोबाइल धारकों के मोबाइल लौटाये जायेगें, जिन्होने पिछले कुछ माह में अपने मोबाइल गुम होने की शिकायतें पुलिस और आईटी सेल को दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा पिछले कुछ वर्षो से लगातार गुम मोबाइल खोजने का अभियान चलाया जा रहा है। अब तक करोड़ों के मोबाइल लौटाने में सफल रही है।

### लापता बालक को 12 घंटे में पुलिस ने किया दस्तयाब

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम नजरपुर का रहने वाला 13 वर्षीय बालक शुक्रवार सुबह 8 बजे घर से स्कूल जाने के लिये निकला था। जब दोपहर में वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों ने स्कूल पहुंचकर जानकारी जुटाई। इस दौरान सामने आया कि बालक स्कूल नहीं आया था। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, बालक का पता नहीं चलने पर रात ढाई बजे घट्टिया थाने पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा बालक को बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले में धारा 137 (2) का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों से जानकारी एकत्रित की गई, मुखबीर तंत्र को अलर्ट कर रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड पर तलाशी अभियान चलाया। 12 घंटे बाद बालक को सकुशल तहसील क्षेत्र से खोज निकाला गया। बालक से पूछताछ करने पर सामने आया कि माता-पिता ने मोबाइल चलाने की बात पर फटकार लगाई थी। जिसके चलते वह नाराज होकर घर से चला गया था। बालक के सकुशल मिलने पर परिवार की आंखों से आंसू फूट पड़े। उन्होने थाना प्रभारी करण खोवाल और टीम का आभार माना। पुलिस ने बालक को समझाईश देकर परिजनों के साथ घर रवाना किया।

### बकरी भगाने के विवाद में 2 युवकों में चले लात-घूंसे

**उज्जैन।** बड़नगर तहसील के ग्राम सारोला में निहालसिंह पटेल के खेत के पास बकरी भगाने की बात पर अजय पिता बद्रीलाल चंद्रवंशी निवासी ग्राम बंगरेड और श्याम पिता नरेन्द्रसिंह गोयल निवासी ग्राम धतुरिया के बीच विवाद हो गया। दोनों के बीच लात-घूंसे चले और जान से मारने की धमकियां दी गई। मामला थाने पहुंचने पर अजय ने आरोप लगाया कि श्याम गोयल स्कूटी से आया था और उसकी बकरियों को इधर-उधर भगाने लगा था। मना किया तो गाली-गलौच कर मारपीट की। वहीं श्याम का आरोप था कि बकरियां भगाने की बात अजय ने उसके साथ मारपीट की है। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### अंग्रेजी शराब के साथ हिरासतअ में आया बुजुर्ग

**उज्जैन।** बिरलाग्राम पुलिस ने भ्रमण के दौरान रात में हनुमान डेम के पास से 52 साल के मोती पिता समंदरसिंह शेखावत निवासी गवर्मेंट कालोनी को हिरासत में लिया। उसके पास से थैली में भरे अंग्रेजी शराब के 32 क्वार्टर बरामद हुये। शराब संबंधित दस्तावेजों के बारे में जानकारी लेने पर सामने नहीं आये। शराब अवैध होने पर आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर बुजुर्ग को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि बरामद शराब 5 हजार के लगभग की होना सामने आई है। भ्रमण के दौरान सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी, बुजुर्ग ने भागने का प्रयास भी किया था, लेकिन उम्र के चलते वह भागने में सफल नहीं हो पाया।

### मामला प्रेम प्रसंग का, बंगाली कालोनी में फैली सनसनी

# बैतूल से उज्जैन आये युवक ने खुद को मारी गोली

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रेमिका के बात नहीं करने पर बैतूल से उज्जैन आये युवक ने शनिवार शाम खुद को गोली मारकर मौत को गले लगा लिया। घटनाक्रम के बाद बंगाली कालोनी में सनसनी फैल गई। घटनास्थल से पुलिस ने देशी पिस्टल बरामद की है। वहीं मृतक युवक के परिजनों को सूचना दी। परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि शाम 6.30 बजे बंगाली कालोनी में रहने वाले विनय गायनी के घर में गोली चलने की खबर मिलते ही सीएसपी दीपिका शिंदे के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मकान के सामने पहले कमरे में युवक मृत अवस्था में पड़ा था, उसके सीने पर गोली लगी थी। पूछताछ करने पर सामने आया कि युवक बैतूल के सारणी का रहने वाला निखिल आहके है। जो शाम को अपनी एक्टिवा क्रमांक एमपी 48 झेड सी 8592 से उज्जैन स्थित बंगाली कालोनी पहुंचा था।





मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। उसकी प्रेमिका भी बैतूल के सारणी की रहने वाली है। जिस मकान में उसने खुद को गोली मारी वह उसकी प्रेमिका के जीजा का है। प्रेमिका 3 दिन पहले ही जीजा-बहन के आई थी, और निखिल से बात नहीं कर रही थी। थाना प्रभारी के अनुसार घटनास्थल से देशी पिस्टल बरामद की गई है। मृतक निखिल के परिजनों को सूचना दी गई है। फिलहाल शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। परिजनों के आने पर पीएम कराया जायेगा।

घटनाक्रम के बाद बंगाली कालोनी में सनसनी फैल गई थी और आसपास के लोग एकत्रित हो गये थे।

**इनका कहना-** मृतक निखिल बैतूल से बंगाली कालोनी महिला मित्र से मिलने आया था, उसने खुद को गोली मारी है, वह पिस्टल आने साथ लेकर आया था। प्रथमद्दष्टता यह बात सामने आई है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। मृतक के परिजनों और उसकी महिला मित्र के बयान दर्ज किये जायेगें।

**- दीपिका शिंदे, सीएसपी**

### डेढ साल से चल रहा था प्रेम प्रसंग

थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि निखिल और युवती के बीच करीब डेढ साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ समय पहले दोनों के बीच विवाद हो गया था। युवती ने निखिल का नम्बर ब्लॉक कर दिया था और बातचीत नहीं कर रही थी। वह अपने बहन-जीजा के यहां उज्जैन बंगाली कालोनी आ गई थी। निखिल का सारणी में युवती दिखाई नहीं दी तो वह जानकारी जुटाकर उज्जैन आ गया।

### दोनों बहनों को कमरे में किया बंद

पुलिस जांच के दौरान विनय गायनी की पत्नी ने बताया कि घटनाक्रम के समय पति घर पर नहीं थे। उसकी छोटी बहन और वह दोनों अकेले थे। निखिल के आने पर उसने बहन से बातचीत का प्रयास किया और अंदर आ गया। बहन ने उसे जाने के लिये कहा तो दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। निखिल ने हम दोनों बहनों को अंदर कमरे में बंद कर दिया और खुद को गोली मार ली। शोर सुनकर आसपास के लोग आये और उन्होने दरवाजा खोला।

# रंजीश में हिस्ट्रीशिटर बदमाश को मारे चाकू

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

हिस्ट्रीशिटर बदमाश को रंजीश के चलते शनिवार शाम चाकू मार दिये गये। घायल बदमाश को उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर पुलिस बयान दर्ज करने पहुंची, इस दौरान 2 लोगों के नाम सामने आये। जिनकी तलाश शुरू की गई है।

मॉडल स्कूल के पीछे गांधीनगर में रहने वाला नितेश उर्फ काऊ हिस्ट्रीशिटर बदमाश है। शाम को उसने गोपी वाडिया ने दो तालाब दिनदयाल कॉम्पलेक्स के पास बाबा कैफे पर मिलने बुलाया। नितेश जैसे ही पहुंचा गोपी और उसके साथ आये छिंगू बुंदेला ने चाकू से हमला कर दिया। तीन से चार चाकू जांच और पैर पर लगने से नितेश घायल हो गया। उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया। चाकूबाजी की खबर मिलते ही नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील, एसआई यादवेन्द्र परिहार टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। जहां घायल नितेश ने गोपी वाडिया और छिंगू बुंदेला पर चाकू मारने का आरोप लगा। एसआई परिहार के अनुसार बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया जा रहा है। वहीं चाकू मारने वालों के नाम सामने आने पर उनकी तलाश शुरू की गई है।

### जमानत पर जेल से रिहा हुआ है नितेश

बताया जा रहा है कि कुछ माह पहले नितेश ने साथियों के साथ मिलकर नीलगंगा थाने के पास मल्टी में हवाई फायर कर दहशत फैलाई थी और वहां रहने वाले परिवार के साथ मारपीट कर धमकी दी थी। उक्त मामले में पुलिस ने नितेश को साथियों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। कुछ दिनों पहले ही नितेश जमानत पर रिहा हुआ है। नितेश गुर्जर गैंग के साथ रहता है। वहीं चाकू मारने वाले विरोध गैंग से जुड़े हुए है। जिनके बीच टलसबाजी चली आ रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच की चाकूबाजी की सही वजह का पता लगा रही है।

# पुलिस ने गुंडे-बदमाशों को किया तलब



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

होली-रंगपंचमी पर्व शांति-सौहार्द्र के साथ मनाये जा सके और किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां ना हो इसको लेकर शनिवार को पुलिस ने पूरे जिले में व्यापक अभियान चलाकर गुंडे-बदमाशों और निगरानीशुदा को तलब किया।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि मार्च माह के प्रथम सप्ताह में होली-रंगपंचमी का पर्व मनाया जाना है। जिले में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में सभी थाना क्षेत्रों में सुनियोजित निरोधात्मक अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी थाना क्षेत्रों के गुंडा सूची, निगरानीशुदा, आदतन अपराधिक प्रवृति और शांति भंग करने के मामलों में शामिल रहने वाले बदमाशों का तलब किया गया।

पुलिस द्वारा उन्हे स्पष्टरूप से अवगत कराया गया कि त्यौहारों के समय किसी भी प्रकार का अपराध, हुडदंग किया तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। अवैधानिक गतिविधियों में शामिल होने पर सीधे जेल भेजा जायेगा। थानों पर तलब बदमाशों से प्रतिबंधात्मक धाराओं में बांड भरवाये गये। वहीं प्रत्येक बदमाश का डोजियर फार्म भरा गया। सभी को शपथ दिलाई कि शांति-सौहार्द्र बनाकर रखेगें और स्वयं भी होली-रंगपंचमी का पर्व मनायेगें। बदमाशों के खिलाफ चलाये अभियान के साथ ही पुलिस ने थाना क्षेत्र में होने वाले होलिका दहन कार्यक्रम के आयोजकों की बैठक भी आयोजित की और दिशा-निर्देश जारी किये।

# रिमांड पर एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्त में आये 3 बदमाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्त में आये 3 बदमाशों को शनिवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से पांच दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। तीनों ने राजस्थान के डग से ड्रग्स लाना कबूल किया है।

चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि शुक्रवार देर शाम सूचना मिलने पर प्रजापत नगर मल्टी के पास खाली मैदान में खड़े तीन युवको को घेराबंदी कर पकड़ा गया था। जिनके पास से 15 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई थी।



पूछताछ में युवकों के नाम रोशन पिता सुनील शर्मा 25 साल निवासी शीतल पैलेस मक्सीरोड, अंकित पिता मुकेश साहू 22 साल निवासी महाराणा प्रताप नगर और कृष्णा पिता गंजराज पंवार 20 साल निवासी तिरूपति सॉलिटेयर सामने आये। तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। कोर्ट में पेश कर 5 मार्च तक पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में तीनों ने राजस्थान के डग से ड्रग्स लाना कबूल किया है। एक टीम डग भेजी जायेगी, जहां ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले की तलाश कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेगें।

### रोशन पर दर्ज है कई अपराध

एसआई सुरेन्द्र मंडलोई ने बताया कि ड्रग्स के साथ गिरफ्त में आये तीनों युवकों का अपराधिक रिकार्ड पता करने पर सामने आया कि रोशन पर प्राणघातक हमले के 2 मामले दर्ज है। वहीं आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम, बलवा और मारपीट में भी रोशन शामिल रहा है। उसके साथी अंकित भी अपराधिक प्रवृति का होना सामने आया है। कृष्णा के अपराधिक रिकार्ड सामने नहीं आये है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com